ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष चतुर्थी
विक्रम संवत 2081

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

सोमवार, 10 जून 2024
वर्ष 5, अंक 204, पृष्ठ 18
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 6 रुपये

# अमृत विचार

बरेली

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com



पाकिस्तान के गेंदबाजों के आगे भारत पस्त 13
खूबसूरती को स्वाभाविक तरीके से देखती हैं करीना 14


## OUR TOP PERFORMERS IN JEE ADVANCED - 2024



**KSHITIJ BAJPAI**
Vipul Govil Sir, Geeta Bajpai (Mother), Kshitij Bajpai, Veeresh Bajpai (Father) with Santosh Verma Sir & Vishal Varshney Sir

JEE ADV. AIR **4053** (GEN.)
JEE MAIN PERCENTILE **99.86**
(Student of 2 Yr. Foundation Course)



**KESHAV GUPTA**
Dr. K.L. Gupta (Father), Pooja Gupta (Mother), Keshav Gupta with Santosh Verma Sir & Vishal Varshney Sir

JEE ADV. AIR **6076** (GEN.)
JEE MAIN PERCENTILE **99.59**
(Student of 2 Yr. Foundation Course)



**VAISHNAVI SAXENA**
Vishal Varshney Sir, Megha Saxena (Mother), Vaishnavi Saxena, Nitin Saxena (Father) with Santosh Verma Sir & Vipul Govil Sir

JEE ADV. AIR **8216** (GEN.)
JEE MAIN PERCENTILE **99.30**
(Student of 2 Yr. Foundation Course)



**VARUN AGARWAL**
Vipul Govil Sir, Santosh Verma Sir, Keshav Agarwal (Father), Varun Agarwal, Kavita Agarwal (Mother) with Vishal Varshney Sir

JEE ADV. AIR **9015** (GEN.)
JEE MAIN PERCENTILE **99.28**
(Student of 2 Yr. Foundation Course)

Learn from the Expert Faculty of MEDIIT



PHYSICS BY
VISHAL VARSHNEY SIR
(B.Tech. IIT Kanpur)



CHEMISTRY BY
VIPUL GOVIL SIR
(B.Tech. IIT Dhanbad)



MATHS BY
SANTOSH VERMA SIR
(B.Tech. IIT BHU)



BIOLOGY BY
OMENDRA YADAV SIR
(M.Sc.)

## OUR TOP PERFORMERS IN NEET - 2024



**SUHANI VARSHNEY**
Vipul Govil Sir, Dr. Monika Varshney (Mother), Suhani Varshney, Omendra Yadav Sir, Vaidik Varshney (Brother), Vishal Varshney Sir.

NEET MARKS **686** / 720
NEET RANK **2907** (GEN.)
(Student of 1 Yr. Target Course)



**UTKARSH GUPTA**
Vipul Govil Sir, Mr. Satish Chandra Gupta (Grand Father), Utkarsh Gupta, Mrs. Deepti Gupta (Mother), Omendra Yadav Sir, Vishal Varshney Sir.

NEET MARKS **676** / 720
NEET RANK **4857** (GEN.)
(Student of 2 Yr. Foundation Course)



**SAAYAM SINGH**
Vipul Govil Sir, Mr. Ram Singh (Father), Saayam Singh, Omendra Yadav Sir, Vishal Varshney Sir.

NEET MARKS **667** / 720
NEET RANK **6995** (GEN.)
(Student of 2 Yr. Foundation Course)



**ANJALI GANGWAR**
Vipul Govil Sir, Dr. Jai Prakash (Father), Anjali Gangwar, Mrs. Lajja Gangwar (Mother), Omendra Yadav Sir, Vishal Varshney Sir.

NEET MARKS **653** / 720
NEET RANK **12017** (OBC-NCL)
(Student of 1 Yr. Target Course)



**PANKHURI MATHURIA**
Vishal Varshney Sir, Mr. Salil Mathuria (Father), Pankhuri Mathuria, Mrs. Reena Mathuria (Mother), Vipul Govil Sir, Omendra Yadav Sir.

NEET MARKS **649** / 720
NEET RANK **12122** (GEN.)
(Student of 1 Yr. Target Course)

## ADMISSION OPEN

**1 Year Target Course**
for (12th pass students)

: towards :
Engineering Entrance Exams
(IIT-JEE MAIN / ADVANCED)
& Medical Entrance Exam (NEET)

# MEDIIT
## EDUCATIONAL INSTITUTE

149, Janakpuri, Bareilly Mob. 9639011515, 9639011516 www.mediitbareilly.com




**आज का मौसम**

आसमान में हल्की धूप खिली रहेगी।

$42.0^0$ अधिकतम तापमान | $28.0^0$ न्यूनतम तापमान

**शहर में आज**

- सुरेश शर्मा नगर रोड स्थित मां मनोकामना वैष्णो धाम मंदिर में वार्षिक उत्सव पर रात्रि जागरण शाम 8 बजे।
- माधोबड़ी स्थित श्री रामायण मंदिर में श्रीमद् भागवत कथा ज्ञानयज्ञ शाम 6 :30 बजे

## एनएचएआई पीडी प्रशांत का कानपुर से बरेली तबादला

**कानपुर, अमृत विचार** : एनएचएआई के परियोजना निदेशक प्रशांत दुबे का स्थानांतरण कानपुर से बरेली कर दिया गया है। उनकी जगह पर कानपुर के परियोजना निदेशक अमन रोहिल्ला काम संभालेंगे। प्रशांत के पास कानपुर में बन रही आउटर रिंग रोड जैसी परियोजना का जिम्मा था।

## बदायूं रोड के इलाकों में देर रात तक बिजली गुल

**बरेली, अमृत विचार** : कांधरपुर सबस्टेशन में तकनीकी खराबी के बाद बदायूं रोड के कई इलाकों में रात को बिजली गुल हो गई। देर रात तक आपूर्ति बहाल नहीं हो सकी थी। बिजली विभाग के मुताबिक रात को करीब नौ बजे सबस्टेशन के क्यारा फीडर में फाल्ट हो गया। देर रात तक विभाग की टीम फाल्ट को ठीक करने में जुटी हुई थी।

## करीब 360 करोड़ रुपये की है आर्य समाज अनाथालय की जमीन

# कानून न विधान... अनाथालय बंद कर रहा है प्रधान किसी को नहीं पता, पर्दे के पीछे कौन... माजरा क्या

### कई साल पहले से तैयारी, बाल एवं महिला कल्याण बोर्ड में अनाथालय के रजिस्ट्रेशन का रिन्युवल भी नहीं कराया

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार** : शहर के बीच करीब 360 करोड़ कीमत की 42 बीघा जमीन पर स्थापित 140 साल पुराना आर्य समाज अनाथालय को बंद करने की तैयारी गुपचुप ढंग से कई साल पहली ही शुरू कर दी गई थी। प्रमाण यह है कि प्रबंध समिति ने अनाथालय बंद कर उसकी जगह गुरुकुल बनाने की घोषणा से पहले ही बाल एवं महिला कल्याण बोर्ड में उसके रजिस्ट्रेशन का रिन्युवल नहीं कराया गया। नियमावली के तहत अनाथालय के मूल नियमों में भी बदलाव नहीं किया जा सकता लेकिन इसके बावजूद अनाथालय को बंद करने जैसा सनसनीखेज फैसला लेकर उस पर काम भी शुरू कर दिया गया।

सबसे अहम बात यह है कि प्रबंध समिति ने अनाथालय को बंद करने का फैसला तो ले लिया है लेकिन गुरुकुल बनाने के लिए उसके पास फिलहाल न कोई बजट है, न ही कोई विस्तृत योजना। इसी वजह से अचानक अनाथालय बंद किए जाने का फैसला सार्वजनिक होने के बाद कयास लगाए जाने शुरू हो गए हैं कि असल माजरा क्या है और पर्दे के पीछे कोई और तो नहीं है। अनाथालय के पूर्व कर्मचारियों के मुताबिक 2022 में ही काफी बच्चों को अनाथालय से निकाल दिया गया था। अब तीन लड़कियां रह गई हैं, उन्हें भी 30 जून तक अनाथालय छोड़ने का अल्टीमेटम दे दिया गया है। हर हालत में 30 जून तक अनाथालय खाली हो जाए, इसे सुनिश्चित करने के लिए प्रबंधन ने उनसे इस संबंध में एग्रीमेंट भी करा लिया है। वह भी तब, जब उसके पास गुरुकुल बनाने के लिए बजट तक नहीं है।

अनाथालय के प्रधान ओमकार आर्या ने रविवार को भी दोहराया कि अनाथालय बंद कर बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए गुरुकुल के निर्माण का फैसला लिया गया है। गुरुकुल में उन्हें परंपरागत शिक्षा के साथ धार्मिक ज्ञान भी दिया जाएगा। गुरुकुल की मान्यता लेने जैसी औपचारिकताएं पूरी करने के लिए भी प्रक्रिया शुरू कर दी गई है।

- अनाथालय बंद करने के पीछे गुरुकुल बनाने का तर्क दे रही है प्रबंध समिति
- गुरुकुल के लिए बजट न ठोस योजना, फिर भी बच्चों को निकलने का अल्टीमेटम







- कई महीनों से सामाजिक संगठनों के लोगों और अफसरों का आना भी बंद

### नियमावली: नाम-दायित्वों में नहीं कर सकते परिवर्तन

अनाथालय से प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष तौर पर संबद्ध लोगों के मुताबिक अनाथालय की स्थापना के साथ ही प्रबंध समिति के गठन के लिए नियमावली तैयार की थी। इसके मुताबिक अनाथालय के नाम और दायित्वों में कोई परिवर्तन नहीं किया जा सकता। न ही अनाथालय को दान में प्राप्त संपत्तियों का उपभोग किसी और काम के लिए किया जा सकता है। 18 साल से कम के बच्चों को रखने के लिए परिषद की अनुमति भी नियमावली में अति आवश्यक बताई गई है। अनाथालय के बच्चों के हित में उसके साथ किसी संस्थान को चलाए जाने की बात जरूर नियमावली में कही गई है लेकिन मौजूदा प्रबंध समिति अनाथालय को स्थाई रूप से बंद कराने का फैसला ले चुकी है। इसी वजह से पहले ही बाल एवं महिला कल्याण परिषद में पंजीकरण का नवीनीकरण कराना बंद कर दिया गया।

### यह फैसला अनाथ बच्चों के साथ समाज के लिए भी उचित नहीं

आर्य समाज अनाथालय में लंबे समय तक जीवनयापन करने के बाद नोएडा में अपनी फैक्ट्री चला रहे आरके चौहान ने अनाथालय को बंद करने के फैसले पर गहरा अफसोस जताया। उन्होंने कहा कि अनाथालय में रह रहे बच्चों को जबरन निकाला जाना बेहद दुखद है। समिति का यह फैसला बच्चों के साथ समाज के लिए उचित नहीं है। आरके चौहान ने कहा कि वह अनाथालय को बचाने के लिए हर संभव कोशिश करेंगे। अनाथालय में गुजरे अपने जीवन और यहां रहने वाले बच्चों से जुड़ाव की वजह से आरके चौहान नियमित रूप से उनके लिए राशन भेजते रहते हैं। लाखों रुपये की आर्थिक मदद भी कर चुके हैं।

### प्रशासन ने भी अनाथालय में रह रही लड़कियों की शिकायतों को नहीं सुना

अनाथालय में रहने वाली लड़कियों की ओर से यहां उनके प्रतिकूल माहौल बनाए जाने के संबंध में कई शिकायतें प्रशासन के अधिकारियों से की जा चुकी हैं। हालांकि इन शिकायतों पर अब न कोई जांच हुई न ही कोई कार्रवाई। जानकारी के मुताबिक पहले इस अनाथालय में अधिकारियों, राजनेताओं और सामाजिक संगठनों के पदाधिकारियों का यहां बच्चों का हालचाल लेने पहुंचने का सिलसिला बना रहता था लेकिन फरवरी के बाद बंद हो गया। काफी समय से यहां कोई बच्चों की जरूरत और खाने-पीने के सामान या आर्थिक मदद करने भी नहीं पहुंचा। काफी समय पहले यहां निरीक्षण करने पहुंचे प्रशासन के अफसरों से लड़कियों ने खुद बात करने के साथ लिखित शिकायतें भी कीं लेकिन उसका भी कोई नतीजा नहीं निकला।

## आंवला : भाजपा की बैठक में आज तय होंगे भितरघातियों के नाम

**बरेली, अमृत विचार** : भाजपा ने लोकसभा चुनाव के दौरान आंवला में भितरघात करने वालों की रिपोर्ट बनाने की तैयारी शुरू कर दी है। सोमवार को मंडल अध्यक्षों की बैठक बुलाई गई है जिसमें फीडबैक लेकर भितरघातियों को चिह्नित किया जा सकता है। रिपोर्ट तैयार कर हाईकमान को भेजी जाएगी।

दो बार सांसद रहे धर्मेंद्र कश्यप इस बार आंवला में चुनाव हारने के कई कारण बताए जा रहे हैं। इसकी पार्टी समीक्षा कर रही है, सबसे प्रमुख कारण भितरघातियों की ओर से भाजपा प्रत्याशी को नुकसान पहुंचाने का माना जा रहा है। चुनाव का नतीजा आने के बाद अब सभी विधानसभा क्षेत्रों में प्रत्याशी का साथ न देने और अंदरखाने नुकसान करने वालों को चिह्नित किया जा रहा है। सोमवार को पार्टी कार्यालय पर आंवला लोकसभा क्षेत्र के मंडल अध्यक्षों की बैठक बुलाई गई है, जिसमें चुनाव पर चर्चा होगी। बताया जा रहा है कि मंडल अध्यक्षों से भितरघात करने वालों के बारे में फीडबैक मांगा जाएगा। इसके बाद रिपोर्ट तैयार कर कार्रवाई के लिए लखनऊ भेजी जाएगी।

- रिपोर्ट तैयार कर कार्रवाई के लिए हाईकमान को भेजी जाएगी

## नीट का रिजल्ट दोबारा जारी करे एनटीए

**बरेली, अमृत विचार** : नीट के परिणामों में धांधली का आरोप लगाते हुए सैकड़ों अभ्यर्थियों ने रविवार को राजेंद्रनगर से आक्रोश रैली निकाली। नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए) के खिलाफ हाय-हाय और हमें न्याय दो जैसे नारे लगाते हुए नीट अभ्यर्थियों ने डीडीपुरम चौराहे तक रैली के दौरान प्रदर्शन किया।

उन्होंने आरोप लगाया कि नीट 2024 के परिणाम में बड़े पैमाने पर धांधली की गई है। एक ही कक्ष के छह सीरीज वाले अभ्यर्थियों के पूरे 720 नंबर आना, पेपर आउट होना, निर्धारित तिथि से पहले रिजल्ट जारी होना इसके प्रमाण है। अभ्यर्थियों ने एनटीए के 1600 बच्चों के परिणामों पर विचार करने के फैसले पर भी गुस्सा जताते हुए कहा कि एनटीए को अपनी गलती स्वीकार करते हुए पूरा परिणाम संशोधित करना चाहिए। गई। नीट शिक्षक मोहम्मद कलीमुद्दीन के नेतृत्व में हुए इस प्रदर्शन में अमित गुप्ता, तनवीर अंसारी, शकीलुद्दीन, फहीम खान, वसीम चौधरी, संजय मेवाती, राकेश शुक्ला, मुकेश गंगवार, राजेश चौधरी समेत तमाम अभ्यर्थियों ने हिस्सा लिया।




नीट के अभ्यर्थियों ने राजेंद्रनगर से रैली निकालकर डीडीपुरम में एनटीए के खिलाफ प्रदर्शन किया। • अमृत विचार

- अभ्यर्थियों ने राजेंद्रनगर से डीडीपुरम चौराहे तक रैली निकालकर किया प्रदर्शन




कई अभ्यर्थी अमृत विचार की प्रतियां लेकर भी पहुंचे। • अमृत विचार

# एयरफोर्स की एनओसी के बिना बना होटल निर्वाना, शासन ने बैठाई जांच

### एयरफोर्स ने बीडीए के खिलाफ की थी सुरक्षा अनदेखी की शिकायत

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार** : एयरफोर्स की एनओसी के बगैर ही प्रतिबंधित क्षेत्र में होटल ग्रैंड निर्वाना के निर्माण के मामले ने तूल पकड़ लिया है। शिकायत है कि बीडीए के तत्कालीन अधिकारी ने सुरक्षा मानकों की अनदेखी कर एयरफोर्स क्षेत्र में हुए होटल निर्माण का मानचित्र मंजूर करा दिया। अब एयरफोर्स की ओर से शिकायत के बाद शासन ने जांच शुरू कर दी है। लखनऊ से जवाब मांगे जाने के बाद बीडीए ने आननफानन समिति बनाकर जांच कराई और रिपोर्ट भेज दी है। इसमें कहा गया है कि एयरफोर्स के उड़ान क्षेत्र में होटल का निर्माण नहीं हुआ है।

नैनीताल रोड पर 2018 में होटल ग्रैंड निर्वाना का निर्माण किया गया था। एयरफोर्स की ओर से शासन से शिकायत की गई थी कि होटल का निर्माण उसकी सीमा में उससे एनओसी लिए बगैर किया गया है। इस पर शासन स्तर पर जांच शुरू हो गई है। इस प्रक्रिया में शासन ने पहले बीडीए से रिपोर्ट मांगी है, इसके बाद जांच होगी कि बीडीए ने किस आधार पर होटल का मानचित्र स्वीकृति किया है।

एयरफोर्स ने शासन से की शिकायत में गंभीर आरोप लगाए हैं। कहा है कि तकनीकी अधिकारियों की एनओसी लिए बगैर सुरक्षा के मानकों की अनदेखी कर होटल के मानचित्र को पास कर दिया गया। बताया जा रहा है कि होटल का निर्माण करते समय कई और सरकारी विभागों से तो एनओसी ली गई लेकिन एयरफोर्स से एनओसी मांगी तक नहीं गई। बीडीए ने बायलॉज को आधार मानकर होटल का मानचित्र और एनओसी जारी कर दी।

- शासन से जवाब मांगने के बाद बीडीए ने जांच कमेटी गठित कर भेजी रिपोर्ट
- एयरफोर्स के उड़ान क्षेत्र में होटल निर्वाना का निर्माण न होने का दिया तर्क

> होटल के निर्माण के बारे में शासन से पत्र आया था। इस मामले में रिपोर्ट मांगी गई है। इसे गंभीरता से लेते हुए रिपोर्ट भेज दी गई है। मुझे यह जानकारी नहीं है कि क्या जवाब दिया गया है।
> – **योगेंद्र कुमार**, सचिव बीडीए

### बायलॉज को आधार बनाकर पास किया मानचित्र

**बरेली, अमृत विचार** : एयरफोर्स स्टेशन के पास होटल का निर्माण करने में काफी तेजी दिखाई गई थी। जब एयरफोर्स स्टेशन के पास बनाए जा रहे होटल के मानचित्र की बात आई तो बीडीए के ही कुछ इंजीनियरों ने इसका रास्ता निकाला ताकि होटल के निर्माण में कोई अड़चन न आए। इसके लिए बीडीए ने बायलॉज को आधार बनाकर होटल के मानचित्र को स्वीकृति दे दी जबकि ऐसा काफी कम मामलों में होता है।

# मेगा ब्लॉक : ट्रेनों के इंतजार में गुजरा पूरा दिन

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार** : लखनऊ और आंवला के पास ब्लाक के चलते रविवार को यात्रियों की मुश्किलें बढ़ गईं। कुछ ट्रेनें निरस्त रहीं तो कई घंटों की देरी से बरेली जंक्शन पर पहुंचीं। गर्मी से बेहाल यात्री ट्रेनों के इंतजार में परेशान होते रहे। स्पेशल ट्रेनें भी समय पर नहीं आईं।

आंवला और बिशारतगंज के बीच पुल पर काम के लिए मेगा ब्लॉक सुबह आठ बजे लिया गया। इस वजह से 04378 बरेली अलीगढ़ पैसेंजर, 04377 अलीगढ़ बरेली पैसेंजर निरस्त रही। 12036 दिल्ली टनकपुर पूर्णागिरी जनशताब्दी 3:30 घंटे रिशेड्यूल की गई, जो पांच घंटे से ज्यादा लेट हो गई। 12035 टनकपुर दिल्ली पूर्णागिरी जनशताब्दी एक्सप्रेस को 60 मिनट मार्ग में नियंत्रित की गई। 12036 जनशताब्दी एक्सप्रेस और 04365 मुरादाबाद चंदौसी स्पेशल एक से दो घंटे की देरी से आई। 04313 देहरादून स्पेशल,04067 दिल्ली स्पेशल, (15073) त्रिवेणी एक्सप्रेस समेत दर्जनभर ट्रेनें कई घंटे लेट रहीं। 04365 बरेली मुरादाबाद मेमू ट्रेन दो घंटा रिशेड्यूल की गई। 04366 मुरादाबाद बरेली मेमू ट्रेन निरस्त रही।

इधर, लखनऊ जंक्शन और ऐशबाग-मानकनगर रेल खंड के बीच लाइन पर प्री-नॉन और नॉन इंटरलॉक कार्य की वजह से 22453 लखनऊ जंक्शन-मेरठ सिटी राज्यरानी एक्सप्रेस, मेरठ सिटी से चलने वाली 22454 मेरठ सिटी-लखनऊ जंक्शन राज्यरानी एक्सप्रेस निरस्त रही। रेल अफसरों के अनुसार 14 जून तक राज्यरानी एक्सप्रेस निरस्त रहेगी।



ब्लॉक की वजह से रविवार को ट्रेनों में जबर्दस्त भीड़भाड़ रही। • अमृत विचार

- कई ट्रेनें रहीं निरस्त, कुछ को रिशेड्यूल किया गया
- लखनऊ के साथ बिशारतगंज आंवला के बीच लिया गया ब्लॉक



महिला कोच में घुसे पुरुष। • अमृत विचार

## प्रशासनिक अधिकारी के खिलाफ आज भेजेंगे रिपोर्ट

**बरेली, अमृत विचार** : रिश्वत लेते पकड़े गए प्रशासनिक अधिकारी पर निलंबन की कार्रवाई के लिए सीएमओ सोमवार को शासन को रिपोर्ट भेजेंगे। एंटी करप्शन की टीम ने छह जून को उसे रंगे हाथों पकड़ा था।

## बंच केबल नहीं झेल पा रहीं लोड, कई इलाकों में संकट

**बरेली, अमृत विचार** : ओवरलोडिंग के चलते बंच केबल में आग लगने से किला इलाके में रविवार को कई जगह पर बिजली आपूर्ति बाधित रही। वहीं, शहर के अन्य सब स्टेशनों पर भी ओवरलोडिंग से ट्रिपिंग की समस्या बनी रही। इससे लोगों को परेशानी हुई।

किला उपकेंद्र के बाजार संदल खां में रविवार शाम बंच केबल में आग गई। इससे रात 9 बजे तक बिजली गुल रही। वहीं, इंग्लिशगंज में भी बंच केबल में शाम साढ़े चार बजे आग लग गई। घोसियों की मस्जिद के पास ट्रांसफार्मर में खराबी होने से दो घंटे तक बिजली आपूर्ति बाधित रही। जसोली में रविवार को पूरा दिन लो वोल्टेज से लोग परेशान रहे। कंघी टोला में पोल पर उतरे करंट की चपेट में आकर कुत्ते की मौत हो गई। जिससे सुबह 11 से 12 बजे तक आपूर्ति बाधित रही।

## बकरों के बाजार में भी महंगाई की मार

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार** : 17 जून को ईद उल अजहा का त्योहार मनाया जाएगा। जिसको लेकर शहर में बकरों का बाजार सज गया है। 10 से 50 हजार की कीमत के बकरे बाजार में मौजूद हैं। पशु व्यापारियों के अनुसार महंगाई के चलते इस बार बकरों की बिक्री में तेजी नहीं आ पा रही है।

शाहदाना, कुतुबखाना, सैलानी, किला क्षेत्र में आसपास के जिलों के पशु व्यापारी बकरे बेचने के लिए आते हैं। शाहदाना में पशु व्यापारी अफसर अली ने बताया कि अभी बाजार में ग्राहक कम संख्या में आ रहे हैं। जबकि बकरीद में एक सप्ताह का समय बचा है। ऐसे में इस बार नुकसान होने की आशंका है। पशु व्यापारी हसनैन कुरैशी ने बताया कि बाजार में इस बार बकरों की खरीदारी काफी कम है। बकरे कम बिकने की वजह यह भी है कि चार से पांच लोग शामिल होकर बड़े जानवर की कुर्बानी कराते हैं। इस कारण भी बकरों की बिक्री कम है। पशु बाजार में देसी बकरों की कीमत अधिक है। इनकी कीमत 30 से 50 हजार रुपये तक है।

- इस बार बाजार में 10 से 50 हजार रुपये की कीमत के बकरे, शाहदाना, कुतुबखाना और सैलानी में सजा है बाजार



शाहदाना चौराहे पर लगा बकरा बाजार।

# रबड़ फैक्ट्री की जमीन पर औद्योगिक हब बनाने की तैयारी शुरू


### शासन ने 14 जून को लखनऊ में बुलाई बैठक, बरेली के प्रशासनिक अफसर और यूपीसीडा के सीईओ भी लेंगे हिस्सा

अनुपम सिंह, बरेली

**अमृत विचार** : बॉम्बे हाईकोर्ट में रबड़ फैक्ट्री की 14 सौ एकड़ जमीन पर स्वामित्व का फैसला होना हालांकि अभी बाकी है लेकिन राज्य सरकार ने इसे औद्योगिक क्षेत्र के रूप में विकसित करने की तैयारी शुरू कर दी है। मुख्यमंत्री के निर्देश के बाद शासन ने 14 जून को लखनऊ में बैठक बुलाई है जिसमें बरेली के प्रशासनिक अफसरों के साथ यूपीसीडा के मुख्य कार्यपालक अधिकारी भी भाग लेंगे। अफसरों के मुताबिक इस बैठक में रबड़ फैक्ट्री की जमीन पर औद्योगिक हब बनाने के लिए ब्लू प्रिंट तैयार करने की योजना का खाका खींचा जाना है।

करीब 25 साल पहले बंद हुई रबड़ फैक्ट्री की जमीन पर औद्योगिक हब स्थापित करने की मांग काफी समय से शासन में गूंज रही है। कई साल बाद अब जाकर इस दिशा में शासन स्तर पर पहल हुई है। उत्तर प्रदेश शासन के संयुक्त सचिव मनोज कुमार मौर्य की ओर से बरेली के अफसरों के साथ यूपीसीडा कानपुर के मुख्य कार्यपालक अधिकारी को पत्र जारी कर रबड़ फैक्ट्री की 1400 एकड़ खाली पड़ी जमीन पर औद्योगिक क्षेत्र विकसित करने के संबंध में 14 जून को लखनऊ के गोमतीनगर में आयोजित बैठक में भाग लेने को कहा गया है। शासन से पत्र आने के बाद अफसरों ने बैठक के लिए जरूरी होमवर्क शुरू कर दिया गया है।

अफसरों के मुताबिक 14 जून को यह बैठक औद्योगिक विकास आयुक्त की अध्यक्षता में होगी। बैठक में किन बिंदुओं पर रबड़ फैक्ट्री की जमीन पर औद्योगिक हब विकसित करने के लिए चर्चा होगी, यह अभी साफ नहीं किया गया है लेकिन उम्मीद है कि इस योजना का ब्लू प्रिंट तैयार करने के बारे में फैसले लिए जाएंगे।



- औद्योगिक विकास आयुक्त की अध्यक्षता में होगी बैठक, हो सकते हैं अहम फैसले
- औद्योगिक हब का ब्लू प्रिंट तैयार करने के लिए जरूरी बिंदुओं पर बनेगी रूपरेखा

### अलकेमिस्ट के पक्ष में पुराना फैसला रद्द होने से बना रास्ता

राज्य सरकार ने सिर्फ 3 .40 लाख रुपये लेकर रबड़ फैक्ट्री बनाने के लिए 1960 में मुंबई के सेठ किलाचंद को 1382 .23 एकड़ जमीन लीज पर दी थी। शर्त थी कि अगर फैक्ट्री बंद होने के बाद छह महीने तक दोबारा चालू न हुई तो जमीन पर सरकार का आधिपत्य हो जाएगा। लेकिन 15 जुलाई 1999 को स्थाई रूप से फैक्ट्री बंद होने के बाद भी लीज की इस शर्त पर अमल नहीं हुआ। फैक्ट्री पर अपना कर्ज बता रही अलकेमिस्ट रि-कंस्ट्रक्शन एसेट कंपनी ने कोर्ट जाकर जमीन को बेचने का अधिकार हासिल कर लिया। राज्य सरकार ने इस फैसले के खिलाफ अपील की, कोर्ट में बताया कि कंपनी ने अहम साक्ष्य छिपाकर फैसला अपने पक्ष में करा लिया। दिसंबर 2023 में बॉम्बे हाईकोर्ट ने पुराना फैसला रद्द कर दिया। इसके बाद जनप्रतिनिधियों और उद्यमियों ने इस जमीन पर औद्योगिक क्षेत्र विकसित करने की मांग शुरू कर दी। पूर्व सांसद संतोष गंगवार ने भी इसके लिए काफी पैरवी की थी।

> रबड़ फैक्ट्री का मामला फिलहाल बॉम्बे हाईकोर्ट में विचाराधीन है। न्यायालय का जो भी आदेश होगा, उसके अनुरूप प्रशासन की ओर से आगे कार्रवाई की जाएगी।
> – **रविंद्र कुमार**, डीएम



### हजारों को मिलेगा रोजगार

रबड़ फैक्ट्री के कर्मचारियों के बकाया भुगतान के लिए लंबे समय से संघर्षरत एसएंडसी कर्मचारी यूनियन के महासचिव अशोक कुमार मिश्रा का कहना है कि जमीन पर औद्योगिक हब बनाने के संबंध में बैठक एक अच्छी शुरुआत है। मतलब साफ है कि सरकार इस योजना पर सहमत है। औद्योगिक क्षेत्र विकसित हुआ तो लोगों को इसका काफी फायदा मिलेगा। बड़ी संख्या में रोजगार मिलेगा। वह मांग करेंगे कि फैक्ट्री के कर्मचारियों के परिजनों के लिए भी इस योजना में अनिवार्य रूप से नौकरी का बंदोबस्त किया जाए।



## स्मार्ट सिटी 2.0 : महीने के अंतिम सप्ताह में होगा सर्वे

**बरेली, अमृत विचार** : स्मार्ट सिटी 2.0 की सर्वे रिपोर्ट तैयार करने के लिए दिल्ली से केंद्र सरकार की टीम इस माह के अंतिम सप्ताह में आएगी। शहर के 80 वार्डों में 135 करोड़ रुपये से सबसे पहले 33 बाहरी वार्ड स्मार्ट बनाए जाएंगे। पूरा प्लान एकीकृत अपशिष्ट प्रबंधन (इंटीग्रेटेड वेस्ट मैनेजमेंट प्रोजेक्ट) को ध्यान में रखते हुए बनाया गया है। स्मार्ट सिटी के अफसर प्रजेंटेशन की तैयारी में जुट गए हैं।

अब स्मार्ट सिटी के दूसरे चरण के कार्यों को धरातल पर उतारने की तैयारी हो रही है। इसमें स्वच्छता पर खास ध्यान दिया जाएगा। स्मार्ट सिटी बरेली का हाल जानने के लिए 21 से 30 जून के बीच केंद्रीय टीम आ सकती है। केंद्रीय आवासन एवं शहरी मंत्रालय की ओर से स्मार्ट सिटी 2.0 के तहत होने वाले कामों को देखते हुए 2029 यानी पांच साल तक की कार्य योजना बनाई गई है। इसमें नगर निगम के 80 में सबसे पहले आउटर के 33 वार्डों के बारे में केंद्रीय टीम पूरा ब्योरा तैयार करेगी।



## अधिवक्ता ने दर्ज कराई चैंबर में घुसकर मारपीट करने की रिपोर्ट

**बरेली, अमृत विचार :** कोतवाली क्षेत्र में हाल ही में मिशन कंपाउंड के पास अधिवक्ता की कार से बच्चे का एक्सीडेंट हो गया था। बच्चे की मां रश्मि ने अधिवक्ता के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई थी। अब अधिवक्ता के साथी वकील ने चैंबर में घुस कर मारपीट करने और मोबाइल फोन लूटने के आरोप में दूसरे पक्ष पर रिपोर्ट दर्ज कराई है।

इज्जतनगर के भगवानपुर धीमरी निवासी अधिवक्ता नरेश बाबू के अनुसार साथी वकील राशिद की कार के सामने बच्चा साइकिल लेकर आ गया था। कार से तो वह बच गया, लेकिन साइकिल से गिरकर घायल हो गया। बच्चे का इलाज भी अस्पताल ले जाकर कराया। आरोप है कि शनिवार को चैंबर पर अभिनव शर्मा, राजेश शर्मा और रश्मि शर्मा आए और उनसे अभद्रता करने लगे। राशिद ने विरोध किया तो मारपीट कर उन्हें घायल कर दिया। विरोध करने पर मोबाइल फोन लूट लिया। आरोप है कि एक साथी का पर्स भी छीन लिया, जिसमें 27 सौ रुपये थे। कोतवाली पुलिस ने तीनों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

# हेपेटाइटिस : अब जिला अस्पताल में ही होगी वायरल लोड की जांच

## शासन से भेजी गई ट्रूनेट मशीन को बीएसएल टू लैब में स्थापित किया

एक्सक्लूसिव

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** अब हेपेटाइटिस के मरीजों को वायरल लोड की जांच के लिए लखनऊ और दिल्ली की दौड़ नहीं लगानी पड़ेगी। जिला अस्पताल में ही मरीजों की जांच होगी। इसके लिए शासन ने ट्रूनेट मशीन उपलब्ध करा दी है।

दरअसल, दो माह पूर्व वायरल लोड की जांच के लिए अस्पताल प्रबंधन ने शासन को प्रस्ताव भेजकर मशीन उपलब्ध कराने की मांग की थी। इसपर शासन ने 6 जून को ट्रूनेट मशीन भेज दी। मशीन को अस्पताल के रोड पार वाले भवन में बीएसएल टू लैब में इंस्टाल करने की प्रक्रिया पूर्ण कर ली गई है। एडीएसआईसी डॉ. अलका शर्मा के अनुसार अगले सप्ताह से मरीजों की जांच शुरू हो जाएगी। वायरल लोड की जांच से पता चलता है कि मरीज को हेपेटाइटिस बी है या सी। अभी तक मरीजों को वायरल लोड की जांच के लिए दिल्ली और लखनऊ के चक्कर लगाने पड़ते थे। अस्पताल प्रशासन के अनुसार जांच की सुविधा शुरू होने से न केवल जिला बल्कि पूरे मंडल के मरीजों को इससे राहत मिलेगी ।




- एक सप्ताह के बाद शुरू हो जाएगी जांच की सुविधा, मरीजों को मिलेगी राहत

### ओपीडी में 60 से 70 लोग हेपेटाइटिस से ग्रसित मिल रहे

जिला अस्पताल के आंकड़ों के अनुसार ओपीडी में हर माह 60 से 70 लोग हेपेटाइटिस से ग्रसित मिल रहे हैं। 1200 से अधिक हेपेटाइटिस ग्रसित मरीज जिले में पंजीकृत हैं। जिनका इलाज चल रहा है। हेपेटाइटिस बी की तुलना में हेपेटाइटिस सी के मरीजों की संख्या अधिक है।

### हेपेटाइटिस होने के कारण

दूषित खाना और पानी का सेवन करने, अधिक शराब पीने, संक्रमित खून के चढ़ने और असुरक्षित यौन संबंध से भी हेपेटाइटिस बी हो सकती है। ज्यादा दवाइयों के सेवन से भी लिवर में सूजन आने लगती है। इससे भी हेपेटाइटिस का खतरा बढ़ जाता।

# बाबा क्रिकेट क्लब और गज ग्रीन ने जीते मुकाबले



ट्राफी के साथ विजेता टीम के खिलाड़ी। ● अमृत विचार

- सेक्रेड हार्ट क्रिकेट मैदान पर चल रहा है बरेली टी-20 लीग मैच टूर्नामेंट

**बरेली, अमृत विचार :** सेक्रेड हार्ट क्रिकेट मैदान पर आयोजित बरेली टी-20 लीग मैच टूर्नामेंट के दूसरे दिन रविवार को गज ग्रीन और बाबा क्रिकेट क्लब ने मुकाबले जीते।

पहला मैच अफरीदी क्लब और गज ग्रीन के मध्य हुआ। गज ग्रीन ने निर्धारित 20 ओवरों में 9 विकेट खोकर 192 रन बनाए, जिसमें रोहित चौहान ने 68 का योगदान दिया। सैयद ने 3, सौरभ और आसिफ दो-दो विकेट लिए। अफरीदी क्लब की टीम 20 ओवर में 9 विकेट खोकर 185 रन बना सकी। इसमें अनुज पटेल ने 49 और आदेश पटेल ने 30 रन बनाए। गज ग्रीन के गेंदबाज गोपाल ने 4, प्रशांत गंगवार ने 2 दर्शन और आकाश ने 1-1 विकेट लिया। प्लेयर ऑफ द मैच रोहित चौहान रहे। दूसरा मैच बाबा क्रिकेट क्लब और यंग स्टार इलेवन के मध्य खेला गया। बाबा क्रिकेट क्लब ने 20 ओवर में 5 विकेट खोकर 242 रन बनाए, जिसमें अनुज ने 77 और सुनील ने 53 रनों का योगदान दिया। यंग स्टार के गेंदबाज सक्षम और सारांश ने 2, 2 और अंशित ने 1 विकेट लिया। यंग स्टार की टीम 18.2 ओवर में सभी विकेट खोकर 193 रन ही बना सकी। प्लेयर ऑफ द मैच अनुज रहे। इन्होंने 77 रन बनाए। टूर्नामेंट आयोजक दानिश, पिंटू चौधरी, सचिन पटेल, यश गौतम, अजय गुप्ता, डॉ. तस्लीम, अजीम आदि मौजूद रहे।

## ईंट से हमला कर पालतू गाय की फोड़ी आंख

**बरेली, अमृत विचार :** प्रेमनगर थाना क्षेत्र स्थित गुलाब नगर के रहने वाले वैभव भारद्वाज, सुमेर लाल, विशाल और दीपक ने दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि गुलाबनगर मौर्य गली निवासी पप्पू उर्फ प्रदीप ने पालतू गाय को ईंट मारकर उसकी आंख फोड़ दी। लगातार हमला कर सींग भी तोड़ दिया। पुलिस ने घटना स्थल के आस-पास लगे सीसीटीवी कैमरे की फुटेज खंगाल रही है। तहरीर पर प्रेमनगर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर तलाश शुरू कर दी है।

## एसीपी की कार में टक्कर मारने वाले चालक पर रिपोर्ट

**बरेली, अमृत विचार :** सुभाषनगर थाना क्षेत्र के रामगंगा के पास एसीपी की कार में टक्कर मारने वाले ट्रक चालक के खिलाफ पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है। मध्यप्रदेश के जिला इंदौर निवासी विवेक चौहान मल्हारगंज के एसीपी हैं। वह शनिवार रात परिवार के साथ नैनीताल जा रहे थे। रामगंगा तिराहे के पास तेज रफ्तार ट्रक ने उनकी कार में पीछे से टक्कर मार दी। हादसे में विवेक और उनकी पत्नी को हल्की चोटें आईं और कार क्षतिग्रस्त हो गई। सुभाषनगर थाने में ट्रक चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई गई है।

## अवैध शराब के साथ एक तस्कर गिरफ्तार

**अमृत विचार :** थाना प्रभारी अमित पांडे के अनुसार रविवार को सूचना पर गंगापुर में छापामारी की गई। वहां पर अवैध शराब बेची जा रही थी। पुलिस को देख कई तस्कर मौके से फरार हो गए। उनमें से एक को गिरफ्तार कर लिया है। उसकी पहचान श्याम उर्फ ननुआ के रूप में हुई है। आरोपी के पास से 16 देसी शराब के क्वार्टर व कुछ नकदी बरामद की है।

## बाइक और नकदी के लिए पत्नी को घर से निकाला

**फरीदपुर, अमृत विचार :** शादी के 2 साल बाद पत्नी को बाइक और दो लाख रुपये के लिए मारपीट कर घर से निकाल दिया। पीड़िता ने पति सहित 11 लोगों पर रिपोर्ट दर्ज कराई। ग्राम जेड निवासी शबनम ने बताया कि दो साल पहले उसके परिजनों ने उसकी शादी बिथरी चैनपुर के गांव भिडोलिया निवासी वाहिद अली से की थी। परिजनों ने सामर्थ्य से अधिक दहेज दिया था फिर भी ससुराली बाइक और दो लाख नकद के लिए उसे प्रताड़ित करने लगे। मारपीट कर उसे घर से निकाल दिया और धमकी दी कि बाइक और नकदी के बिना आओगी तो खैर नहीं। इसके बाद 8 जून को ससुराल के लोग उसके मायके आए शबनम के साथ ही अन्य महिलाओं से अभद्रता करने के साथ मारपीट की। जान से मारने की नीयत से शबनम को ले जाने लगे तो गांव वालों ने बचाया। गांव के ही आदिल की दुकान पर उसका भाई बैठा था, शबनम के ससुरालियों ने उसे भी पीटा। पीड़िता ने पति समेत 11 पर रिपोर्ट दर्ज कराई।

## सार-संक्षेप

### शहीदी पर्व की पूर्व संध्या पर सजा कीर्तन दरबार



**बरेली , अमृत विचार :** गुरु अर्जुन देव के शहीदी पर्व की पूर्व संध्या के उपलक्ष्य में कोहड़ापीर स्थित श्रीगुरुनानक सत्संग सभा गुरुद्वारा में कीर्तन दरबार सजाया गया। रविवार को गुरुद्वारा में शाम को 7 से 10 बजे तक आयोजित कीर्तन दरबार में श्रद्धालुओं ने श्रद्धापूर्वक कीर्तन का श्रवण किया। लुधियाना से ज्ञानी बलप्रीत सिंह और मुख्य ग्रंथी ज्ञानी लवप्रीत ने कीर्तन कर संगत को निहाल किया। हरप्रीत सिंह निमाना ने गुरु साहिब के जीवन पर प्रकाश डाला। समाप्ति के बाद संगत ने गुरु का लंगर ग्रहण किया। प्रबंध समिति के पदाधिकारियों ने बताया कि सोमवार को मुख्य दीवान सुबह 7 बजे से शुरू होगा।

### कवियों ने रचनाओं से श्रोताओं का मन मोहा



**बरेली, अमृत विचार :** कवि गोष्ठी आयोजन समिति की ओर से रविवार को शास्त्री नगर में काव्य संध्या का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत मां शारदे के चित्र पर माल्यार्पण से की गई। संस्था के सचिव गीतकार उपमेंद्र सक्सेना एडवोकेट ने अपनी रचना 'बेबसी में आदमी के इस तरह आंसू बहे, एक दिन तेजाब का बादल अचानक फट गया' प्रस्तुत की। अमित मनोज ने 'जिनको कभी न जमीं दिखती' रचना पढ़ी। काव्य संध्या में और भी कवियों ने अपनी रचनाएं प्रस्तुत कीं। कार्यक्रम संयोजक नीतीश कपूर, विनय सागर जायसवाल, दीपक मुखर्जी, राम कुमार कोली, ब्रजेंद्र तिवारी अकिंचन, रामधनी निर्मल, डीपी शर्मा निराला, रामकुमार भारद्वाज अफरोज, राजकुमार अग्रवाल आदि उपस्थित रहे। अध्यक्षता रणधीर प्रसाद गौड़ धीर ने की।

### नकटिया में तीन रोजा उर्स-ए- कासमी का आगाज

**बरेली, अमृत विचार :** नकटिया स्थित ख्वाजा नगर रजा जामा मस्जिद पर सैयद कासिम अली शाह के तीन दिवसीय उर्स ए कासमी का आगाज रविवार को हो गया। दिनभर दरगाह पर चादरपोशी का सिलसिला चलता रहा। सोमवार को सुबह फज्र की नमाज के बाद कुरानख्वानी और शाम को ईशा की नमाज के बाद मिलाद शरीफ का आयोजन होगा। मंगलवार को कुरानख्वानी, गुस्ल शरीफ और चादरपोशी के बाद रात में जलसा आयोजित किया जाएगा। बुधवार को पूर्वाह्न 11 बजे कुल शरीफ की रस्म अदा की जाएगी। जलसे में कानपुर के मुफ्ती मोहम्मद हनीफ, मौलाना अय्यूब खां नूरी, मौलाना कमालउद्दीन, अब्दुल जव्वाद, अब्दुल कय्यूम, बहराइच के जाकिर इस्माइली और कुल में मौलाना सरताज, नासिर, तनवीर उल कादरी, अफरोज, हाफिज आरिफ, सद्दाम और मौलाना रहीम खां शामिल होंगे।

## जिला अस्पताल गेट पर खड़े नहीं होंगे ई रिक्शा, गार्ड तैनात

**बरेली, अमृत विचार :** जिला अस्पताल गेट पर ई रिक्शा खड़े न हों, इसके लिए गार्डों को तैनात किया गया है, ताकि मरीजों को आने जाने में कोई सुविधा न हो और जाम न लगे।

कुतुबखाना पुल बनने के बाद भी अस्पताल रोड पर जाम के हालात बने रहते हैं। मार्ग के दोनों ओर अतिक्रमण रहता है। इसके साथ ही ई रिक्शा अस्पताल गेट पर खड़े होते हैं। इस वजह से मरीजों को आने जाने में दिक्कत होती है। जाम के कारण एंबुलेंस फंसती है। इस मामले को अमृत विचार ने प्रमुखता से उठाया।

मामले का संज्ञान लेते हुए एडीएसआईसी डॉ. अलका शर्मा ने ई-रिक्शा का मुख्य द्वार पर जमावड़ा खत्म करने के लिए गार्डों को तैनात किया है। उन्होंने बताया कि अस्पताल गेट से अतिक्रमण हटाने के लिए नगर निगम को दोबारा पत्र भेजा गया है। वहीं, गार्डों ने रविवार को अस्पताल गेट पर ई रिक्शा का जमघट नहीं लगने दिया गया।

# प्रीमियम पर लगने वाले जीएसटी पर जताया विरोध




अधिवेशन में बोलते वक्ता और मौजूद संगठन के पदाधिकारी।

**बरेली, अमृत विचार :** बीमाकर्मी संघ बरेली डिवीजन की ओर से रविवार को 13वें वार्षिक अधिवेशन का आयोजन डीडीपुरम स्थित निजी होटल में किया गया। इस दौरान अधिवेशन में बीमाकर्मियों की ओर से एलआईसी में नई भर्तियों, प्रीमियम से जीएसटी हटाने, पब्लिक सेक्टर के निजीकरण समेत अन्य मांगें मुख्य मुद्दे रहे। अधिवेशन की अध्यक्षता संघ के अध्यक्ष अरविंद देव सेवक ने की। मेरठ से आए नॉर्थ सेंट्रल जोन इंश्योरेंस एम्पलाइज फेडरेशन के अध्यक्ष संजीव शर्मा ने कहा कि बीमाधारकों को जब रसीद में जीएसटी जोड़ कर दी जाती है तो वो आपत्ति जताते हैं। इसका सीधा नुकसान अभिकर्ताओं को होता है। इसके साथ ही आम नागरिक का एलआईसी से विश्वास भी कम होता है। मांग रखी कि इसको ध्यान में रखते हुए प्रीमियम पर लगने वाले जीएसटी को तत्काल वापस लिया जाए। महामंत्री गीता शांत ने कहा कि नई भर्ती शीघ्र की जाएं। इसके साथ ही जीवन बीमा निगम में ठेका प्रथा पर तत्काल रोक लगाई जाए। अरविंद देव सेवक ने कहा कि निजीकरण के माध्यम से देश के पब्लिक सेक्टर को खोखला करने का प्रयास किया जा रहा है। इस पर तत्काल रोक लगनी चाहिए। इस दौरान कोषाध्यक्ष सर्वेश अग्रवाल, अनामिका सारस्वत, पूनम ओबराय, पूनम सिन्हा, पंकज कुमार, अनिल शर्मा, रियाज अहमद, राजीव जौहरी, विकास गुप्ता, अरविंद गुप्ता, सचिन, योगेश आदि उपस्थित रहे।

## समझौते का दबाव बना रहे आरोपी, दी जान से मारने की धमकी

- एसएसपी के आदेश पर चार आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

**बरेली, अमृत विचार :** इज्जतनगर थाना क्षेत्र में मुकदमे में समझौता करने को लेकर युवक पर आरोपी दबाव बना रहे हैं। विरोध करने पर आरोपी ने युवक को जान से मारने की धमकी दी है। शिकायत पर एसएसपी के आदेश पर पुलिस ने मामले में चार आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। थाना क्षेत्र के तुलाशेरपुर निवासी अनिल का आरोप है कि चार माह पहले रणवीर, विपुल, विवेक के खिलाफ मारपीट के मामले में मुकदमा दर्ज कराया था।

25 मई को आरोपी घर आकर समझौते का दबाव बनाने लगे। विरोध करने तमंचा दिखाकर जान से मारने की धमकी दी। इसकी शिकायत पुलिस से की, मगर कार्रवाई नहीं हुई। इसपर पीड़ित ने एसएसपी से शिकायत की।










# मोदी के तीसरी बार प्रधानमंत्री बनने पर मनाया जश्न

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** नरेंद्र मोदी के रविवार को तीसरी बार प्रधानमंत्री पद की शपथ लेने का शहर में कई जगह जश्न मनाया गया। भाजपा के समर्थक में शपथ ग्रहण समारोह का सीधा प्रसारण देखने के लिए टीवी से भी चिपके रहे। स्वालेनगर में मुस्लिम समुदाय के लोगों ने भी आतिशबाजी कर खुशी जताई।

शाम को बटलर प्लाजा पर शॉपकीपर एसोसिएशन ने आतिशबाजी कर खुशी मनाई और एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर बधाई दी। इस दौरान डॉ. अनूप आर्य, मनोज खटवानी, संदीप मेहरा, शशांक अग्रवाल, संजय गुप्ता, विपुल गर्ग, विशाल आनंद, दीवान, नीलेश, दिलीप केसवानी, अजय जायसवाल, नदीम, राज मिश्रा, कपिल, मानस आदि मौजूद रहे। उत्तराखंड के अल्मोड़ा से जीत की हैट्रिक लगाने वाले अजय टम्टा के मोदी कैबिनेट में शामिल होने पर आयकर सलाहकार आशीष सक्सेना ने शुभकामनाएं दीं। स्वालेनगर स्थित कर्बला के बाहर मुस्लिम समुदाय के लोगों ने भी मोदी के तीसरी बार प्रधानमंत्री बनने की खुशी में ढोल नगाड़ों के साथ जश्न मनाया। इस दौरान भाजपा नेता मो. वसी हैदर, मुस्लिम राष्ट्रीय मंच के जिला प्रभारी एवं कर्बला के मुतवल्ली जमीर रजा, युवा मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष व मोदी मित्र अभियान के सह संयोजक शानू काजमी, अरबाज खान, मो. नईम, अरशद हुसैन, जुबैर, हारुन, मोमिन अब्बास आदि शामिल हुए।




नरेंद्र मोदी के तीसरी बार प्रधानमंत्री बनने पर बटलर प्लाजा में खुशी मनाते व्यापारी। ● अमृत विचार

- स्वालेनगर में मुस्लिम समुदाय के लोगों ने भी की आतिशबाजी

### मोदी के तीसरी बार पीएम बनने से तेज होगा विकासः गौतम



**बरेली, अमृत विचार :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के शपथ ग्रहण समारोह में शामिल होने के लिए पहुंचे मेयर उमेश गौतम ने फोन पर बताया कि उनके जीवन का यह पल अविस्मरणीय है। भाजपा की सरकार तीसरी बार बनने से विकास के रास्ते खुलेंगे। मेयर ने बताया कि प्रधानमंत्री के दिल में बरेली की खास जगह है। इसी कारण वह चुनाव के दौरान रोड शो करने बरेली आए थे। उनके तीसरी बार प्रधानमंत्री बनने से बरेली का विकास तेजी से होगा। प्रधानमंत्री की स्मार्ट सिटी की सोच के तहत ही पूरा बरेली स्मार्ट हो रहा है। केंद्र और प्रदेश में भाजपा की सरकार होने से विकास को नया आयाम मिलेगा।

# रिश्तों में बढ़ती जटिलताओं की अभिव्यक्ति है नाटक संबोधन

**बरेली, अमृत विचार :** ड्रामाटर्जी आर्ट्स एंड कल्चर सोसाइटी दिल्ली की ओर से रविवार को एसआरएमएस रिद्धिमा में नाटक संबोधन का मंचन किया गया। सुनील राज द्वारा लिखित और सुनील चौहान द्वारा निर्देशित इस नाटक में रिश्तों में आती जटिलताओं को दर्शाया गया, इसकी शुरुआत पिता और बेटी की मुलाकात से होती है।

वह बेटी, जो पैदा होने के बाद मां से अलग हुए पिता से पहली बार मिल रही है। बेटी पिता को यह अहसास नहीं होने देती कि वह उस की संतान है। वार्तालाप के दौरान नाटक कई बार फ्लेशबैक में जाता है, जहां पता चलता है कि बेटी के पिता राज और मां श्रद्धा की मुलाकात किस तरह हुई और दोनों किस तरह एक झगड़े के बाद अलग हो गए। अलग होने की असल वजह सिर्फ गलतफहमी थी।

नाटक में मानवीय संवेदनाओं और संबंधों को बड़ी खूबसूरती से दिखाया गया। नाटक में पिता राज की भूमिका निशांत सिंह ने निभाई, जबकि अंकिता पटनायक ने बेटी और मां श्रद्धा की दोहरी भूमिका में सशक्त अभिनय किया।

छोटी बेटी का अभिनय मनीषा शर्मा ने किया। नाटक में संगीत अभ्युदय मिश्रा ने दिया। एसआरएमएस ट्रस्ट के चेयरमैन देवमूर्ति, आदित्य मूर्ति, आशा मूर्ति, ऋचा मूर्ति, डॉ. एमएस बुटोला, डॉ. प्रभाकर गुप्ता, डॉ. अनुज कुमार, डॉ. रीटा शर्मा आदि उपस्थित रहे।



नाटक का मंचन करते कलाकार।

- ड्रामाटर्जी आर्ट्स एंड कल्चर सोसाइटी रिद्धिमा में किया मंचन






## एक नजर

### ससुर को बचाने पहुंची गर्भवती को दिया धक्का

**गजरौला।** ग्राम चुड़ैला बंजरिया के तेजराम ने बताया मेड़ के विवाद में शनिवार सुबह भाई जमुना प्रसाद व भतीजा अरुण गाली गलौज करने लगे। विरोध करने पर पीटा और जान से मारने की धमकी दी। परिवार के लोगों ने बचाने का प्रयास किया तो उनको भी पीटा। गर्भवती पुत्रवधू को धक्का दे दिया। पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

### पति समेत चार पर दहेज उत्पीड़न की रिपोर्ट

**गजरौला।** ग्राम शेरपुर मकरंदपुर की रहने वाली रूपेंद्र कौर ने गजरौला थाने में दी तहरीर में बताया कि उसकी शादी 14 साल पहले जजवीर सिंह से हुई थी। ससुराल वाले दहेज से संतुष्ट नहीं थे। बंधक बनाकर भूखा रखते थे। चार जून को आरोपियों ने पीटकर घरर से निकाल दिया। इसके बाद से वह अपने मायके में रह रही है। पुलिस ने मामले में पति जजवीर सिंह, सास कुलदीप कौर, हरजीत कौर, गुरप्रीत कौर के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की हे।

### रिश्तेदारी में आए युवक का मिला शव

**विजय नगला।** बिनावर थाना क्षेत्र के गांव मलगांव निवासी कुछ बच्चे रविवार शाम गांव के पास मैदान में खेल रहे थे। बच्चों ने साइड में बेसुध पड़े एक व्यक्ति को देखा। उसे हिलाकर देखा लेकिन कोई गतिविधि नहीं हुई। बच्चों ने ग्रामीणों को जानकारी दी। ग्रामीण मौके पर पहुंचे। युवक की मौत हो चुकी थी। ग्रामीणों ने पुलिस को सूचना दी। युवक की शिनाख्त दातागंज कोतवाली क्षेत्र के गांव फिरोजपुर निवासी रघुवीर (38) पुत्र दयाराम के रूप में हुई। युवक शनिवार को अपनी रिश्तेदारी गांव गिरधरपुर निवासी डालचंद के के घर आया था।

### किशोरी को फुसलाकर ले जाने की रिपोर्ट दर्ज

**बीसलपुर।** बरेली जनपद के थाना क्योलड़िया क्षेत्र के ग्राम नकटी नारायणपुर के अमन की दो बहनों की शादी भी एक गांव में अमित और दुर्गेश के साथ हुई है। इन दोनों ने पत्नियों की मदद से तीन जून को नाबालिग पुत्री को बहलाया और अमन के साथ भगा दिया। काफी तलाशने के बाद भी कुछ पता नहीं चल सका है। मामले में पांच आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

## दहेज की मांग पूरी नहीं होने पर करंट लगाने का आरोप

**पूरनपुर, अमृत विचार:** दहेज की मांग पूरी नहीं होने पर ससुराल वालों ने विवाहिता को करंट लगाकर मारने की कोशिश की। इसका पता चलने पर बचाने पहुंचे भाई को भी पिटाई लगा दी। पुलिस को घटनाक्रम की तहरीर दी है।

कोतवाली क्षेत्र के गांव मुरादपुर की जावत्री देवी ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसकी शादी दो साल पहले घुंघचाई क्षेत्र के गांव बिलंदपुर अशोक के एक युवक से हुई। ससुराल वाले अतिरिक्त दहेज की मांग करते हैं। इसके पूरा न होने पर मारपीट की गई। करंट लगाकर जान लेने की कोशिश की। रविवार को भी पिटाई की। जब भाई रामवीर बचाने पहुंचा तो उसे भी पीटा। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### शासन के निर्देश पर खरीदी गई मशीनें, इंस्टॉल कराने की प्रक्रिया शुरू, परामर्श के साथ मिलेगी जांच की सुविधा, अगले माह से की जाएंगी शुरू

# भागदौड़ से निजात, मेडिकल कॉलेज में होगी हार्मोंस की जांच

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचार :** थॉयराइड व अन्य हार्मोनल जांच के लिए निजी लैब की दौड़ लगा रहे मरीजों को बड़ी राहत मिलने वाली है। राजकीय मेडिकल कॉलेज में चल रही पैथोलॉजी लैब में हार्मोनल एनालाइजर लैब की स्थापना हो रही है।यहां टी-3, टी-4, बी-12 समेत अन्य जांच होने पर मरीजों को बाहर नहीं जाना होगा और न ही रिपोर्ट के लिए दो से तीन दिन का इंतजार करना होगा। मेडिकल प्रशासान का दावा है जल्द ही मशीनें इंस्टॉल होने के साथ ही अगले माह जांच होने लगेंगी।



मेडिकल कॉलेज की लैब में लगाई गई मशीनें।

नियमित जीवन शैली एवं खानपान की वजह से युवक एवं युवतियों में तरह-तरह की जटिलताएं पाई जा रही हैं। इस वजह से उनमें हार्मोंस का स्तर गड़बड़ाने लगता है। वहीं, महिलाओं से जुड़ी बीमारियों, बांझपन और उम्र के साथ बच्चों का विकास (ग्रोथ) कम होने की समस्या भी है। कम उम्र में गठिया की समस्या लेकर मरीज राजकीय मेडिकल कालेज में इलाज के लिए आते हैं। इन बीमारियों का पता लगाने को हार्मोनल जांच की जरूरत होती है। लेकिन यहां सयंयुक्त चिकित्सालय को मेडिकल कॉलेज का दर्जा मिलने के बाद मरीजों को इस तरह की जांच के लिए निजी लैब का सहारा लेना पड़ता है।

बताते हैं कि मेडिकल कॉलेज की ओपीडी में प्रतिदिन करीब 1200 मरीज पहुंचते हैं। यहां पैथोलॉजी लैब में सीबीसी, विडाल, एलएफटी, केएफटी, हीमोग्लोबिन आदि की जांच की सुविधा है। डॉक्टरों की ओर से लिखी जाने वाली थायराइड, विटामिन डी, टी-3 टी-4, कैल्शियम जैसी जरूरी जांच की कोई उपयुक्त व्यवस्था नहीं होने पर मरीजों को बाहर से जांच करानी पड़ती है। अधिकारियों के मुताबिक मेडिकल कॉलेज की लैब में हार्मोनल एनालाइजर मशीन को इंस्टॉल कर दिया गया है, जबकि एबीजी मशीन लगाने की प्रक्रिया चल रही है।

#### अलग-अलग किट से होती है जांच

डॉक्टरों के मुताबिक हार्मोनल एनलाइजर मशीन किट पर काम करती है। हर जांच के लिए अलग-अलग किट होती है। जिसमें थायराइड वाली किट लगाने पर वह थायराइड की जांच करेगी। इन मशीनों के चालू होने के बाद लैब में टी-3, टी-4, टीएसएच, एचटी, एसएसएच, एस-प्रोजेस्टेरोन, एस-प्रोलैक्टिन, विटामिन बी-12, विटामिन डी, ट्रोपोनिन, प्रोथ्रोम्बिन आदि जांचे शुरू की जाएगी। वहीं एरिथ्रोसाइट सेडीमेंटेशन रेट (ईएसआर) से लाल रक्त कोशिकाओं की जांच की जाएगी, इससे रक्त कोशिकाओं में मिली खराबी का पता लगाया जा सकेगा। इससे मरीजों की बचत और भागदौड़ भी बचेगी। इन जांचों के शुरू होने से मरीजों को काफी सहूलियत मिलेगी।

> मेडिकल कॉलेज में जांचों की सुविधा बढ़ाने के लिए मशीनें बढ़ाई जा रही हैं। एबीजी मशीन और हार्मोनल एनलाइजर मशीन खरीदी गई हैं। इनको इंस्टॉल कराया जा रहा है। अगले माह से जांचे शुरू करा दी जाएंगी। अन्य सुविधाएं बढ़ाने की तैयारियां भी की जा रही हैं। मरीजों को उनके ही जिले में बेहतर इलाज मिल सकेगा।
> **- डॉ. संगीता अनेजा,** प्राचार्य मेडिकल कॉलेज

# एक दिन पहले पति से झगड़ा, दूसरे दिन विवाहिता की मौत... मायके वाले बोले- बेटी की हत्या कर दी

### फंदा लगाकर जान देने की सूचना मिलने पर ससुराल पहुंचे परिजनों का संतोषजनक जवाब न मिलने पर बढ़ा शक

संवाददाता, जहानाबाद

**अमृत विचार :** संदिग्ध परिस्थितियों में एक विवाहिता की ससुराल में मौत हो गई। ससुराल के एक सदस्य से फंदा लगाकर खुदकुशी करने की सूचना मिलने पर मायके वाले मौके पर पहुंचे और सवाल-जवाब किया। मगर कोई संतोषजनक जवाब नहीं मिल सका। मायके वालों ने विवाहिता की हत्या करने का आरोप लगाते हुए पुलिस को सूचना दी। पुलिस शव पोस्टमार्टम को भेज छानबीन में जुट गई है।


मृतक लज्जावती।


विवाहिता की मौत के बाद विलाप करते परिवार वाले। ● अमृत विचार

अमरिया थाना क्षेत्र के ग्राम बरा दुनबा अंटा गौटिया की रहने वाली 40 वर्षीय लज्जावती की शादी करीब पंद्रह साल पहले जहानाबाद क्षेत्र के ग्राम भौना के ओमप्रकाश से हुई थी। उसके एक बेटा और तीन बेटियां हैं। पति शराब का नशा अधिक करता है। ससुराल में लज्जावती की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। रविवार को ससुराल के एक सदस्य ने मायके वालों को कॉल कर विवाहिता के फंदा से लटककर खुदकुशी करने की सूचना दी। जिसे सुनकर मायके वालों के होश उड़ गए। कुछ ही देर में मायके वाले मौके पर पहुंच गए। बताते हैं कि ससुराल के अधिकांश सदस्य घर पर नहीं थे। एक महिला मौजूद थी। उसने जिस स्थान पर फंदा लगाकर जान देने की बात कही, वह भी मायके वालों को संदिग्ध लगी।

- पुलिस ने शव पोस्टमार्टम को भेजा, छानबीन में जुटी

सवालों के भी संतोषजनक जवाब नहीं मिल सके। शव भी जमीन पर पड़ा हुआ था। इस पर बताया गया कि फंदे से ससुरालियों ने उतार लिया था। खुदकुशी के पीछे की वजह भी नहीं बता सके। मायके वालों ने हत्या करने की आशंका जताते हुए पुलिस को सूचना दी। आरोप है कि दो घंटे बाद पुलिस मौके पर पहुंची। इसके बाद मौका मुआयना कर जानकारी जुटाई। पुलिस ने मृतका के बच्चों से भी बातचीत कर घटना को जानने का प्रयास किया। इसके बाद शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। अब पुलिस अग्रिम कार्रवाई के लिए पोस्टमार्टम रिपोर्ट का इंतजार कर रही है।

#### घर पर रखे रुपये से पी ली शराब, फिर हुआ झगड़ा

पुलिस की शुरुआती छानबीन बच्चों से की गई पूछताछ में शनिवार को दंपति के बीच झगड़ा होने की बात निकलकर आई है। बताते हैं कि घर पर तेल बेचकर लाए रुपये रखे हुए थे। जिसे चुपचाप निकाल कर ओमप्रकाश ने शराब पी ली थी। जब पत्नी लज्जावती को इसका पता चला तो उसने पति से पूछा। इसी बात पर दंपति के बीच झगड़ा हो गया। अब इसी में हत्या की गई या फिर महिला ने फंदा लगाकर जान दी। इसे लेकर पुलिस पड़ताल करती रही।

#### परिवार में कोहराम, मौके पर जुटी रही भीड़

रविवार सुबह विवाहिता की मौत के बाद मायके वाले पहुंच गए थे। हत्या का आरोप लगाते हुए कार्रवाई की मांग की जा रही थी। जिसे लेकर मौके पर आसपास के ग्रामीण भी जमा रहे। जिनसे पुलिस संपर्क कर जानकारी करती रही। इस दौरान आए दिन झगड़ा होने की बात निकलकर आई। वहीं, विवाहिता की मौत के बाद मायके वालों का रोकर बुरा हाल रहा। मृतका के चार बच्चे हैं। उनका भी रोकर बुरा हाल था।

> घटना की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर गई थी। शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। छानबीन चल रही है। तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई कराई जा रही है।
> **- मुकेश शुक्ला,** इंस्पेक्टर जहानाबाद

## मारपीट की घटनाओं में आठ लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

संवाददाता, पूरनपुर

**अमृत विचार :** दो गांवों में मारपीट की घटनाएं हुई। जिसमें चार लोग घायल हो गए। पुलिस ने दोनों मामलों में आठ लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

कोतवाली क्षेत्र के गांव जेठापुर के रहने वाले ओमप्रकाश ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसकी गांव में ही किराना की दुकान है। 28 मई को गांव के वेदप्रकाश, बब्बू, सूरज और शांति देवी उसके घर आकर गाली गलौज करने लगी। आरोपी पूर्व में उधार दिए रुपये वापस मांगने पर नाराज थे। जब गाली देने का विरोध किया तो हमला कर पिटाई कर दी। बीच बचाव कराने पहुंची पत्नी हसमुखी को भी पीटा। पुलिस ने मामले में रिपोर्ट दर्ज की है। उधर, दूसरा मामला गांव पड़रिया का है। गांव की रहने वाली रामबेटी ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि उनकी गाय पड़ोसी जदबीर के खेत में घुस गई। इसको लेकर 31 मई को जदबीर अपने बेटे छोटू, लालू, बड़े के साथ लाठी डंडे लेकर उनके घर में घुस आया और गाली गलौज की। बेटे मोनू ने विरोध किया तो उसकी पिटाई कर दी। बेटे को बचाने वह गई तो उनको भी पीटा।

#### ट्रैक्टर चालक ने हादसे के बाद दिखाई दबंगई

**घुंघचिहाई।** नशे की हालत में एक ट्रैक्टर चालक ने पहले रोड पर रखे खोखे में टक्कर मारी और विरोध करने पर अन्य दो लोगों को कुचलने की कोशिश की। ग्रामीण एकजुट हो गए। इसकी सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और चालक को पकड़ लिया। थाना क्षेत्र के गांव दिलावरपुर के राम मूर्ति ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि वह गांव में ही हनुमान मंदिर के पास दियूरिया रोड पर खोखा में किराना दुकान चलाते हैं। रविवार को उनका पुत्र खोखा बंद करके घर आ गया। गांव लुकटिहाई का एक युवक अपने अन्य साथी के साथ तेज गति से ट्रैक्टर चलाता हुआ आया और खोखे को टक्कर मार दी। जिसमें काफी नुकसान हुआ। आरोप है कि चालक ने कुछ लोगों को कुचलने की कोशिश की। जब लोगों ने विरोध किया तो उनसे मारपीट करने पर आमादा हो गया। इसकी सूचना मिलने पर यूपी 112 पुलिस मौके पर पहुंची और आरोपी को पकड़कर साथ ले गई। एसओ धर्मेंद्र कुमार ने बताया कि मामले की जांच कर रहे हैं।

# परिवार सोता रहा, चोर नकब लगा घर से समेट ले गए लाखों रुपये का सामान

संवाददाता, बीसलपुर

**अमृत विचार :** ग्रामीण के मकान में पीछे की दीवार में नकब लगाकर घुसे चोर लाखों रुपये का का सामान समेट ले गए। इधर, खासबात यह रही कि परिजन सोते रहे और उन्हें घटना की भनक तक नहीं लगी। दूसरे दिन सुबह परिवार वालों की आंख खुले तो घर में सामान बिखरा देख वह दंग रह गए। इस घटना की सूचना पुलिस को दी गई। मौके पर पहुंचे पुलिस ने परिजनों ने पूछताछ की और मामले की जांच कर रही है। हालांकि इस मामले में अभी रिपोर्ट दर्ज नहीं की गई है।

कोतवाली क्षेत्र के ग्राम करमापुर माफी के रहने वाले परमेश्वरी दयाल खेती कर परिवार का भरण पोषण करते हैं। शनिवार रात को वह खाना खाकर परिवार के साथ गर्मी की वजह से आंगन में सो गए। देर रात किसी वक्त चोर पीछे की दीवार में नकब लगाकर मकान में प्रवेश कर गए।

- करमापुर माफी में मकान की दीवार में नकब लगाकर घुसे थे चोर
- दूसरे दिन वारदात की सूचना पर पहुंची पुलिस छानबीन में जुटी

कमरे में रखे संदूक के ताले तोड़कर सामान खंगाल दिया। यहां से चोर सोने-चांदी के जेवरात, पीतल व स्टील के बर्तन, कपड़े समेत लाखों का सामान समेट ले गए। रविवार सुबह करीब पांच बजे जब परिवार के सदस्यों की आंख खुली और कमरे में पहुंचे सामान बिखरा व दीवार में नकब लगा देख होश उड़ गए। इसकी सूचना पुलिस को दी गई। खनंका चौकी पुलिस ने मौका मुआयना कर जानकारी की। चौकी प्रभारी ऋषिपाल सिंह ने बताया कि जानकारी मिली है। मामले की जांच चल रही है। सुरागरसी को टीम लगाई है, जल्द खुलासा किया जाएगा।


ग्रामीण के मकान की दीवार में लगाया गया नकब।

## घायल के परिजनों ने डंपर चालक के खिलाफ दी तहरीर

**घुंघचिहाई, अमृत विचार :** बहन के घर जा रहे युवक को घुंघचिहाई पेट्रोल पंप के पास मिट्टी लदे डंपर ने टक्कर मार दी। सेहरामऊ उत्तरी थाना क्षेत्र के ग्राम तारकोठी के देवेंद्र यादव ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसके बड़े भाई वीरेंद्र कुमार एक जून को बाइक से बहन के घर बिलसंडा थाना क्षेत्र के गांव आजमपुर जा रहे थे। रात करीब नौ बजे घुंघचिहाई पेट्रोल पंप के पास पहुंचते ही पीछे से आए तेज रफ्तार मिट्टी लदे पीले रंग के डंपर ने बाइक में टक्कर मार दी। जिसमें उनके भाई घायल हो गए। सीएचसी पूरनपुर में प्राथमिक इलाज के बाद हालत गंभीर बताकर भाई को मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया। वहां भी सुधार न होने पर निजी अस्पताल भर्ती कराया है। एसओ धर्मेंद्र कुमार ने बताया कि मामले में कार्रवाई कराई जाएगी।

# सिद्धबाबा से लौट रहे श्रद्धालुओं में खूब चले लाठी-डंडे

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचार :** सिद्धबाबा से दर्शन कर लौट रहे ट्रैक्टर-ट्रॉली सवार श्रद्धालुओं में ट्रैक्टर आगे निकालने को लेकर विवाद हो गया। पहले तो वह सिद्धबाबा के बाहर सड़क पर लड़ने लगे। वहां से किसी तरह मामला शांत होने पर आगे बढ़े और गौहनिया रेलवे क्रासिंग पर दोबारा झगड़ा हो गया। दोनों पक्षों ने एक दूसरे पर लाठी डंडे से वार किए। जिसमें पांच लोग घायल हो गए। इसकी सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल को मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया है।

कोतवाली दियोरिया कलां क्षेत्र के गांव मानपुर टेहरी के रहने वाले अजय ने बताया कि वह परिवार के चरन सिंह, नेमचंद व अन्य लोगों के साथ गजरौला थाना क्षेत्र के सिद्ध बाबा स्थल में ट्रैक्टर ट्रॉली से मेले में आए थे। परिवार की महिलाएं भी साथ थी। इसी मेले में बरेली क्षेत्र के थाना इज्जतनगर के गांव पहाड़गंज के नितिन, वीरपाल भी अन्य लोगों संग अपनी ट्रैक्टर ट्राली से आए थे। वापसी में ट्रैक्टर ट्रॉली ट्राली पहले निकालने को लेकर कहासुनी हो गई। दोनों पक्षों में मारपीट हुई। मारपीट के बाद दोनों पक्ष वहां से ट्रैक्टर ट्रॉली लेकर आगे बढ़ गए। दोनों पक्षों का आरोप है कि जैसे ही वह शहर के निकट सुनगढ़ी क्षेत्र गौहनिया रेलवे क्रासिंग के पास पहुंचे। वहां पर घेरकर झगड़ा शुरू कर दिया गया। बीच सड़क पर मारपीट देख भगदड़ मच गई। राहगीरों ने मामले की सूचना पुलिस को दी। सूचना पर पहुंची सुगनढ़ी पुलिस ने जैसे तैसे मामले को शांत कराया। इसके बाद घायलों को मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया। जहां घायलों का उपचार चल रहा है। इंस्पेक्टर पवन कुमार पांडेय ने बताया कि तहरीर मिलने पर कार्रवाई की जाएगी।


श्रद्धालुओं से वार्ता करती पुलिस और लगी भीड़। ● अमृत विचार

- दियोरिया व बरेली के रहने वाले थे श्रद्धालु, मारपीट में पांच घायल
- सुनगढ़ी क्षेत्र के गांव गौहनिया रेलवे क्रासिंग के पास हुई घटना

**धर्म-कर्म**

### पहले दिन दरगाह पहुंचे पुलिस और प्रशासनिक अमले ने दी हाजिरी, मुल्क में अमन चैन की मांगी दुआ

# निपटा विवाद...उर्स ए शाहजी का शान ओ शौकत से हुआ आगाज

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचार :** प्रख्यात सूफी संत अल्हाज शाहजी मोहम्मद शेर मियां के 121वें उर्स का रविवार से आगाज हो गया। परंपरा के अनुसार पहले दिन प्रशासनिक अमले ने दरगाह शेरिया पर हाजिरी दी। इस दौरान दरगाह के सज्जादा नशीन ने मुल्क में अमन ओ चैन की दुआ फरमाई। उर्स का समापन 13 जून को कुल शरीफ के रस्म के साथ होगा। जिसमें बड़ी संख्या में देश-विदेश के जायरीन शिरकत करेंगे।

हर साल उर्स ए शाहजी मोहम्मद शेर में मियां में देश दुनियां से बड़ी तादाद में जायरीन शिकरत करते हैं। शहर स्थित दरगाह ए शेरिया में रविवार से शुरू हुए उर्स ए पाक का आगाज सुबह करीब आठ बजे हुआ। परपंरा के अनुसार शहरवासियों के साथ प्रशासनिक अधिकारियों में एडीएम वित्त ऋतु पुनिया, एसडीएम सदर देवेंद्र सिंह, तहसीलदार राम ऋषि रमन, एलआईयू इंस्पेक्टर होरी लाल रावत, व्यापार मंडल ज़िलाध्यक्ष मोहम्मद अफरोज जीलानी आदि ने हाजिरी दी।


शाहजी मियां दरगाह पर दुआ करते सज्जादानशीन, अधिकारी व अन्य। ● अमृत विचार

इस दौरान दरगाह के सज्जादानशीन अल्हाज मुन्ने मियां शेरी ने मुल्क में अमन ओ अमान कायम रहने के साथ समाज के सभी वर्गो की तरक्की के लिए दुआ की। दस्तारबंदी भी की गई। सज्जादानशीन ने बताया कि उर्स ए शाहजी रविवार से विधिवत शुरू हो गया है। उर्स के तहत 11 जून को हस्बे रिवायत दरगाह शेरिया पर मुशायरा, 12 जून को शहर में निर्धारित मार्गों पर चादरों का जुलूस निकाला जाएगा और शाम पांच बजे पहला कुल शरीफ शुरू होगा। 13 जून को सुबह 10 बजे बड़ा कुल शरीफ़ होगा। इसमें देश विदेश के बड़ी संख्या में जायरीन शिरकत करेंगे। इस दौरान अब्दुल हफीज मियां शेरी, नायब सज्जादा मेराज मियां शेरी, कासिम खां अशरफी, वसीम कुरैशी, कदीर अहमद , शीराज़ मियां शेरी, आरिफ हजरत खां, मोइन खान, सखावत खां, ममनून, आरिफ हजरत खान, इकबाल हजरत खान समेत तमाम अकीदतमंद मौजूद रहे।



अफसरों की मौजूदगी में उर्स के कार्यक्रमों की जानकारी देते सज्जादानशीन मुन्ने मियां शेरी।

इधर, इस बार उर्स में दुकानों को लेकर कुछ दिक्कतें सामने आई थीं। जिसको लेकर काफी गहमागहमी रही, मगर डीएम व एसपी ने मामले का संज्ञान लेकर इस समस्या का समाधान कराया और अब उर्स परंपरागत तरीके से आयोजित किया जा रहा है। नायाब सज्जादानशीन मेराज मियां शेरी ने सभी दुकानदारों से गुज़रिश की है कि उर्स में लगने वाली दुकानों को इस तरह लगाया जाए कि मार्ग पूरी तरह से बंद न हो और आपात स्थिति में दमकल एवं एंबुलेंस के लिए रास्ता खुला रखा रहना चाहिए।

## महिला अस्पताल में खून की कमी से प्रसूता की मौत, बुलाई पुलिस

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार :** जिला महिला अस्पताल में अधिक खून बहने से प्रसूता की मौत हो गई। हंगामा की आशंका को देखते हुए सीएमएस ने पुलिस को बुला लिया, लेकिन परिजनों ने किसी पर आरोप नहीं लगाया और शव को ले गए। महिला की मौत से दो बच्चों का रो रोकर बुराहल है।

अलापुर के गांव भसराला निवासी फखरे आलम ने शनिवार शाम को गर्भवती पत्नी शादीन (35) को जिला महिला अस्पताल में प्रसव के लिए भर्ती कराया था। शादीन को अधिक रक्तस्राव हो रहा था। काफी प्रयास के बाद भी खून का बहना नहीं रुका। रविवार सुबह नौ बजे उसके गर्भस्थ शिशु की मौत हो गई। जिससे उसकी हालत बिगड़ गई। दोपहर 12 बजे शादीन की भी मौत हो गई।

महिला की मौत की सूचना पर सीएमएस डॉ. इंदुकांत वर्मा मौके पर पहुंचे और पुलिस को बुला लिया, जिससे किसी तरह का हंगामा न हो। पुलिस ने मृतका के पति के बयान दर्ज किए। उसने बताया कि खून अधिक बहने के कारण शादीन की मौत हुई है। उसने किसी पर आरोप नहीं लगाया है। बयानों के बाद सीएमएस ने मृतका शव उसके गांव भिजवा दिया। शादीन की मौत से उसके दोनों बच्चों का रो रोकर बुराहाल है।

- खून की कमी से गर्भवती की मौत सीएमएस ने बुलाई पुलिस
- मौत के बाद शव ले गए परिजन, नहीं की शिकायत
- महिला की मौत के बाद बच्चों का रो रोकर बुरा हाल

#### अधिक हो रहा था रक्तस्राव

> शादीन को शनिवार की देर शाम भर्ती किया गया था। उसे रक्तस्राव अधिक हो रहा था। जिससे ब्लड की कमी हो गयी। ब्लड की कमी के चलते पहले शिशु की मौत हुई और उसके बाद प्रसूता की मौत हो गयी। पीड़ित परिवार शव को अपने गांव ले गया। उसने किसी तरह की शिकायत नहीं की है।
> **- डा. इंदु कांत वर्मा -** सीएमएस

# शारदा की रजवाहों में पानी न आने से सूख रही फसलें

संवाददाता, भदपुरा

**अमृत विचार :** क्षेत्र की अधिकतर नहरों में पानी न आने से किसान परेशान हैं। खेतों में फसलें सूख रही हैं। इससे किसानों के माथे पर चिंता की लकीरें साफ दिखाई दे रही है। नहरों और रजवाहों की अब तक सफाई नहीं कराई गई।

किसानों को इस समय गन्ने की फसल और धान की नर्सरी के पानी की जरूरत है, जो नहीं मिल पा रहा हैं। किसानों का कहना है कि बिना सफाई के रजवाहों में पानी छोड़ने से नहरों के कटने का खतरा अधिक रहता हैं, ऐसे में किसानों की तैयार फसलों के नष्ट होने का खतरा बढ़ जाता है। किसान कांता प्रसाद, रमेश पाल, रामकुमार अमरसिंह वृदांवन, छेदा लाल आदि का कहना है कि गर्मियों के सीजन में जब जरूरत होती है तो नहर में पानी बिल्कुल नहीं आता है, जब किसानों को पानी की जरूरत नहीं होती है, तब नहर में पानी छोड़ा जाता है। बेमौसम पानी छोड़े जाने से फसलों को क्षति पहुंचती है। इस समय नहर में पानी न होने से किसान सिंचाई नहीं कर पा रहे हैं। वहीं जंगली जानवर भी गांव की तरफ पानी की तलाश में आ जाते हैं। बोरिंग से किसानों को सिंचाई करनी पड़ रही है। शारदा नहर के रजबाहे नवदिया, कुंवरपुर तुलसी पट्टी, सिठौरा, नकटी नारायणपुर होते हुए निकलती हैं। वही क्षेत्र में दूसरा रजवाहा परतीतपुर, कटैया आत्मा राम, सरोरा, डडिया नजमुलनीशा, ढकिया बर्कली साहब होते हुए तिगरी निकलती है। लेकिन न तो किसी नहर की सफाई हुई है न ही किसी नहर में अब तक पानी आया है।

## सफाई नहीं कराने से झाड़ियों से पटी नहरें



सफाई नहीं होने के कारण झाड़ियों से अटी एक रजवाह। ● अमृत विचार

### पंप से सिंचाई कर रहे किसान

**शेरगढ़, अमृत विचार :** राजवहा में पानी नहीं आने से शेरगढ़ के भी किसान काफी परेशान है। किसानों ने सिंचाई विभाग के साथ ही अफसरों को ज्ञापन देकर नहर में पानी छुड़वाने की मांग की कर चुके हैं, लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई। किसान महंगा डीजल खर्च करके फसलों की सिंचाई कर रहे हैं, इससे किसानों को आर्थिक बोझ पड़ रही हैं।

## एक नजर

### प्रदीप फिर बने श्रीकृष्ण कॉलेज के प्रबंधक

**नवाबगंज, अमृत विचार :** कस्बे के श्री कृष्ण इंटर कॉलेज की नवगठित प्रबंध समिति के चुनाव में अध्यक्ष और प्रबन्धक पद पर पूर्व प्रवक्ता नत्थू लाल गंगवार और प्रदीप कुमार सूरी की पुनः वापसी हुई है। नत्थू लाल गुप्ता उपाध्यक्ष, रविन्द्र गुप्ता उप प्रबंधक व रामकिशोर आर्य को कोषाध्यक्ष चुना गया है। नवगठित समिति को नगर वासियों ने बधाई दी है।

### बिना अनुमति के गाड़े पोल एसडीओ से की शिकायत

**भमोरा, अमृत विचार :** ग्राम देवचरा निवासी मोहम्मद असद अंसारी ने बताया कि बिजली निगम की ओर से भमोरा से कैमुआ के लिए हाई वोल्टेज लाइन खींची जा रही है, जिसके लिए यूनिवर्सल कंपनी काम कर रही है। शनिवार देर रात मेरी बिना अनुमति के मेरे खेत में तीन पोल गाड़ दिए, जिससे भविष्य में फसल के साथ जान माल का खतरा बना रहेगा एसडीओ आंवला से शिकायत कर कार्रवाई की मांग की।

### विदेश की हिंदू विरोधी वीडियो वायरल, रिपोर्ट

**नवाबगंज, अमृत विचार :** सऊदी में मजदूरी कर रहे एक कस्बे के युवक ने वहां की सुपर मार्केट में एक महिला के हिन्दू देवी देवताओं की मूर्तियां तोड़े जाने की वीडियो वायरल की हैं। वीडियो वायरल होते ही हिन्दू समाज में आक्रोश फैल गया, वीडियो में ये महिला श्रीकृष्ण आदि देवी देवताओं की मूर्तियां उठाकर तोड़ रही है। विहिप नेताओं की शिकायत पर उपनिरीक्षक मनोज कुमार ने वीडियो भेजने वाले नगर के मोहल्ला गाधी टोला जेपीएन कॉलेज के पीछे के निवासी रहीसुद्दीन के पुत्र रफीक उर्फ भूरा के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कराई है।

### दूध के पैसे को लेकर दबंगों ने युवक को पीटा

**दुनका, अमृत विचार :** एक दूध विक्रेता को तीन युवकों ने रास्ते में घेरकर पीटा, जिससे वह बेहोश हो गए। सूचना पर पहुंचे परिजनों ने उसे अस्पताल में भर्ती कराया। शाही थाना क्षेत्र के नारा फरीदापुर निवासी अरुण गिरी ने बताया की मेरे पिता दूध का काम करते हैं। रविवार को वह फरीदापुर से लौट रहे थे, रामपुरा रोड पर प्रताप इंटर कॉलेज के पास तीन लड़कों ने रोककर मारपीट की, क्योंकि उन्होंने उन लोगों के घरों पर अधिक बकाया होने की वजह से दूध बंद कर दिया था। बेटे अरुण गिरी ने शाही थाने में आरोपियों के खिलाफ तहरीर दी

### अभियान चलाकर पुलिस ने नौ आरोपी पकड़े

**फतेहगंज पश्चिमी, अमृत विचार :** फतेहगंज पश्चिमी पुलिस ने अभियान चलाकर विभिन्न मामलों में फरार आरोपियों को गिरफ्तार करके न्यायालय मेंअ पेश किया जहां से उन्हें जेल भेज दिया। पुलिस ने दबिश के दौरान पंकज निवासी ग्राम मीरापुर खिलचीपुर, दीपचन्द उर्फ दीवारी निवासी ग्राम कुरतरा, विक्की उर्फ विकास निवासी ग्राम खरगपुर, अजय निवासी ग्राम खरगपुर, मनोज कुमार निवासी ग्राम पटवईया, छेदा लाल निवासी ग्राम टिटौली, सूरज प्रकाश निवासी ग्राम टिटौली, शमशुल निवासी ग्राम सोरहा, तेजपाल निवासी ग्राम सोहरा को गिरफ्तार किया।

### भीम आर्मी के कार्यकर्ताओं ने पिलाया शरबत

**भदपुरा, अमृत विचार :** भीम आर्मी के चीफ और आजाद समाज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष चंद्रशेखर आजाद की जीत से कार्यकर्ताओं में खुशी की लहर हैं। विधानसभा नवाबगंज इकाई के कार्यकर्ताओं ने ग्राम बकैनिया में जीत का जश्न मनाते हुए हरहरपुर रोड पर प्याऊ लगाकर राहगीरों शरबत पिलाकर खुशी मनाई इस दौरान पूर्व जिला प्रभारी सैयद आजम अली, तहसील अध्यक्ष सुरजीत गौतम, रोहित वाल्मीकि, संजीव दिवाकर, मोहम्मद जोएब, दीपक गौतम, रोहित गौतम, चमन, मुनीश समेत अन्य रहे।

### प्याऊ लगाकर राहगीरों को पिलाया शरबत

**भदपुरा, अमृत विचार :** भदपुरा के गांव नवादा इमामबाद ढिरिया चौराहे पर भीषण गर्मी से निजात दिलाने के लिए शरबत प्याऊ लगाया गया। जिसमें बतौर मुख्य अतिथि समाजसेवी रमेश गंगवार के पुत्र आयुष गंगवार शामिल हुए। इस दौरान रोहित गंगवार, सांसद प्रतिनिधि रूपेश गंगवार, मोहन स्वरूप गंगवार, प्रधान बड़ागांव, भारत सिंह, प्रदीप गंगवार, मुकेश गंगवार, छोटेगंगवार, धर्मेंद्र गंगवार आदि प्रधान मौजूद रहे।

### फतेहगंज पश्चिमी थाना परिसर में भोजनालय शुरू

**फतेहगंज पश्चिमी, अमृत विचार :** थाना परिसर में भोजनालय शुरू हो गया। दरअसल थाना परिसर में बने भोजनालय की हालत जर्जर थी, उसका लिंटर टूटटूट कर गिर रहा था। बैठने की व्यवस्था भी ठीक नही थी। थाना प्रभारी धनंजय कुमार पांडेय ने भोजनालय के लिए नए भवन के निर्माण की नींव रखी जल्द पूरा करा फर्नीचर, किचन, स्टोर रूम पंखे लगाकर रविवार को शुरू कराया।

# डीसीएम की टक्कर से युवक की मौत, चचेरा भाई गंभीर

## देवचरा बाजार से धान का बीज खरीदने जाते समय हुआ हादसा

संवाददाता, भमोरा

**अमृत विचार:** तेज रफ्तार डीसीएम की टक्कर से लगने से युवक की मौत हो गई, जबकि चचेरा भाई अस्पताल में जिंदगी और मौत से जंग लड़ रहा हैं। वहीं परिजनों ने

फरीदपुर थाना क्षेत्र के गांव नवदिया कल्यानपुर निवासी जसवीर ( 35 ) जो अविवाहित थे और 40 फीसदी दिव्यांग थे वह चचेरे भाई बिजेंदर के साथ बाइक से देवचरा बाजार धान का बीज खरीदने आए थे । सुनारों वाली गली के सामने रोड क्रॉस करते समय बदायूं की तरफ से आ रही डीसीएम ने टक्कर मार दी, जिससे दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए सूचना पर पहुंची पुलिस ने वाहनों को कब्जे में लेकर घायलों को इलाज के लिए भेजा। जहां डॉक्टर ने जसवीर को मृत घोषित कर दिया, वहीं बिजेंदर की हालत गंभीर बनी हुई है।

### बिजली के खंभे से टकराया टेंपो, महिला की मौत

**गुलड़िया, अमृत विचार :** अनियंत्रित टेंपो बिजली के खंभे से टकराने से पलट गया, इस हादसे में एक महिला की मौत हो गई। सिरौली थाना क्षेत्र के गांव ढाकपुरा लभरी निवासी राजवीर ने बताया की उनका परिवार पंजाब में रहकर मजदूरी करता हैं। रविवार रात वह परिवार के साथ पैतृक गांव ढाकपुरा लभरी आ रहा था, बस से वह सिरौली उतर गए, फिर टेंपो बुक करके घर आ रहा थे, रास्ते में शिवपुरी केसरपुर तिराहे के पास टेंपो अनियंत्रित होकर बिजली के पोल से टकराकर पलट गया। हादसे में राजवीर की पत्नी धर्मावती ( 28 ) की मौके पर ही मौत हो गई, 5 वर्षीय बालक कृष्णपाल का एक हाथ टूट गया है जिसको बरेली रोहिलखंड हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया है। राजवीर और पुत्री खुशी ( 7 ) को मामूली चोट आई हैं। जानकारी होने पर परिजनों ने सिरौली थाने पहुंचकर प्राथमिकी दर्ज कराई।

### ट्रेन की चपेट में आने से युवक की गई जान

**आंवला/ बिशारतगंज, अमृत विचार :** आंवला - बिशारतगंज रेलवे ट्रैक पर शनिवार रात एक युवक की ट्रेन से कटकर मौत हो गई। सूचना पर पहुंची आरपीएफ और बिशारतगंज पुलिस ने मृतक की पहचान कराकर शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। आंवला आरपीएफ चौकी के एसआई अनिल कुमार ने बताया कि शनिवार की देर रात एक युवक के रेलवे लाइन के किनारे पड़े होने की सूचना मिली थी। उसके सीधे हाथ पर रेखा धनबाद पत्नी लिखा हुआ था। जिसकी पहचान पन्नालाल गोस्वामी ( 26 ) निवासी वार्ड संख्या 7 कस्वा बिशारतगंज के रुप में हुई। पुलिस ने बताया कि मृतक के भाई परमानंद गोस्वामी के अनुसार पन्नालाल सबसे छोटा था, उसकी पत्नी उसे छोड़ कर चली गई है। वह इधर-उधर भटकता रहता था। पुलिस ने बताया कि रोजा बाराबंकी टीएसजी ट्रेन से रात्रि करीब 10 :30 बजे हादसा हुआ है। मृतक के पास से कोई भी टिकट बरामद नहीं हुआ। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

# रामगंगा में नहाने गए तीन भाई डूबे, दो को बचाया

संवाददाता, बरसेर

● चीख-पुकार सुनकर पहुंचे खेतों में काम कर रहे किसान

**अमृत विचार :** रामगंगा में नहाने गए तीन भाई गहरे पानी में जाने से डूबने लगे। चीख -पुकार पर पड़ोसी किसानों ने दो भाइयों को बाहर निकाल लिया। जबकि एक की डूबकर मौत हो गई।

सिरौली के मोहल्ला साहूकारा निवासी जोगेंद्र का 6 वर्षीय बेटा दिलखुश रविवार की दोपहर 12 बजे घर से अपने दो भाईयों के साथ राम गंगा नदी में नहाने गया था। तीनों भाई नहाने के दौरान गहरे पानी में चले गए और वह डूबने लगे। इसी बीच आसपास खेतों में काम कर रहे किसानों ने उन्हें डूबता देख गंगा में छलांग लगा दी। दो भाईयों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया। जबकि दिलखुश पानी में डूब गया। कुछ देर बाद उसका शव गंगा में उतराता हुआ देखा गया। मौजूद लोगों ने उसे बाहर निकाल लिया। परिजन उसने आनन -फानन मे रामनगर स्वास्थ्य केंद्र ले गए। जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। परिजनों ने बताया कि मृतक पांच भाइयों में सबसे छोटा था। मृतक के पिता राजस्थान में मजदूरी करते हैं। उनको घटना की सूचना दी गई है। वहीं घटना से परिवार में कोहराम मच गया है।

### बैग में पड़ा मिला चार माह का भ्रूण

**नवाबगंज, अमृत विचार :** नवाबगंज के स्टेशन मार्ग पर रविवार दोपहर बिजौरिया मंदिर के पास एक लावारिश बैग पड़ा मिला। बीच सड़क पर पड़े बैग को एक महिला ने उठाकर सामने परचून की दुकान पर रख दिया, ताकि जिसका भी हो वह ले जाएगा। काफी देर तक बैग का कोई दावेदार नहीं पहुंचा तो लोगों ने जब बैग खोल कर देखा तो दंग रह गए। बैग में एक शिशु का भ्रूण था। सभासद अनुज पाठक की सूचना पर पहुंची पुलिस ने भ्रूण को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

# एक ही रात तीन स्थानों पर चोरों ने बोला धावा

संवाददाता, बिशारतगंज

● क्षेत्र में लगातार हो रही चोरी से ग्रामीणों में दहशत का माहौल

**अमृत विचार :** बिशारगंज थाने से चंद कदम दूर शनिवार रात तीन स्थानों पर चोरी की वारदात को अंजाम दिया। कस्बे के वार्ड नंबर एक निवासी बृजलाल, किशोरी देवी और वार्ड नंबर 10 के जोएब ने रविवार को पुलिस को तहरीर देकर चोरी की रिपोर्ट दर्ज कराई।

बृजलाल ने बताया कि अलीगंज रोड पर उनका बालाजी टेंट हाउस है जिसके सामने खड़े 10 हॉर्स पावर के दो जनरेटर की मोटर, सोनी साहू की पत्नी किशोरी के घर के सामने से उनकी करीब 45000 की लाल मिर्च और जोएब ने बताया कि उनके ट्यूबवेल के ताले तोड़कर दस हॉर्स पावर के डबल व्हील का इंजन चोरी हो गया। वार्ड 11 निवासी शामीर कुरैशी ने बताया कि अलीगंज रोड पर उनके अमरूद के बाग में लगे पंपसेट इंजन का पंखा खोल ले गए। अंटूआ गांव निवासी इमरान की बाइक सर्विस की दुकान से पांच दिन पहले धुलाई को मोटर चोर खोल ले गए। इससे पहले गुरुवार को इस्माइलपुर गांव के स्कूल के पास से चोर एक बाइक चुरा ले गए। लगातार हो रही चोरी से लोगों में दहशत हैं।

# दस रुपये के लिए चले लाठी-डंडे

संवाददाता, आंवला

**अमृत विचार:** दस रुपये की एक तंबाकू को लेकर पान दुकानदार और ग्राहकों के बीच लाठी डंडे चल गए। दोनों पक्षों की तहरीर पर पुलिस ने 7 लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

कस्बे के मोहल्ला बजरिया निवासी संजय माली ने लिखाई रिपोर्ट में बताया कि उसकी पान की दुकान है। शनिवार की शाम करीब 8:30 बजे तीन लोग आए और दस रुपये की एक तंबाकू मांगी। पैसे मांगने पर तीनों उससे मारपीट करने लगे। वहीं मोहल्ला बजरिया निवासी प्रेमराज मौर्य ने बताया कि दुकानदार और उसके परिजनों ने उसे लाठी डंडों से पीटा। पुलिस ने संजय की ओर से पीतम मौर्य, गोलू, नरेश के खिलाफ और प्रेमराज मौर्य की ओर से संजय, संजय का भाई दद्दा पान बाले, आदित्य, और एक अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

### महिला को लेकर दो पक्षों में मारपीट, हवाई फायरिंग

**भुता, अमृत विचार :** भुता के गांव गूंगा में एक महिला को लेकर दो पक्षों में लाठी डंडे चले। पहले पक्ष ने बताया बीसलपुर निवासी धर्मपाल की पत्नी सहमति से पति को छोड़कर मेरे घर में रहने आई थी। उसके ससुराल पक्ष के धर्मवीर, दिनेश असलहा लेकर मेरे घर पर आकर गालियां देने लगे जब विरोध किया तो उन्होंने मेरे साथ मारपीट शुरू कर दी। लोगों के जुटते देख आरोपी हवाई फायर करते हुए भाग गए। गांव वालों की मदद से उन चार लोगों में से दो लोगों को पकड़कर पुलिस को सौंप दिया। दूसरे पक्ष की अनीता ने बताया कि मेरी जेठानी का ग्राम गूंगा निवासी आकाश के अवैध संबंध है, वह घर से सारे जेवर लेकर आकाश के घर चली गई है जिसको लेकर मेरे पति धर्मवीर व अपने साथी दिनेश को लेकर गांव गूंगा पहुंचे तो आरोपियों ने मारपीट की। पुलिस ने दोनों ओर से मिली तहरीर के आधार पर क्रास केस दर्ज कर ली हैं।

### शादी में डीजे बजाने के विवाद में चले लात-घूंसे

**आंवला, अमृत विचार :** शादी समारोह में डीजे बजाने को दो युवकों ने लात -घूंसे से चल गए। जिससे एक युवक घायल हो गया। घायल ने दोनों आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। दरावनगर गांव निवासी रविंद्र दिवाकर ने बताया कि उसके परिवार में शादी के दौरान डीजे बज रहा था। रात करीब 12 :30 बजे गांव के ही सुमित और राजेश बगैर किसी बात के गालियां देने लगे। विरोध करने पर लोगों ने मारपीट की। जिससे वह घायल हो गया। पुलिस ने दोनों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

### सदर बाजार में भाजपाइयों ने बजाए ढोल नगाड़े

**कैंट, अमृत विचार :** तीसरी बार नरेंद्र मोदी के प्रधानमंत्री बनने पर सदर बाजार में भाजपाइयों ने ढोल नगाड़ों के साथ आतिशबाजी तथा पटाखे फोड़ कर जश्न मनाया। एक दूसरे को मिठाइयां खिलाकर घर-घर जाकर मिठाइयां बांटी। इस मौके पर शशिकांत जायसवाल, डॉ. वैभव जायसवाल, अनिल छोटे, लालमन, संजीव बाल्मीकि, इंद्रपाल सिंह, ललित मोहन मल्होत्रा, अन्नू जायसवाल, समाजसेवी इमरान खान उर्फ काशिफ, रितेश मिश्रा, केएल गेरा, राजकुमार, प्रेमनारायण केसरवानी, तपन अग्रवाल, विपिन भाटिया समेत सैकड़ों भाजपाई मौजूद रहे।

### एमएलसी के आवास पर बांटी मिठाई

**फरीदपुर अमृत विचार :** मोदी के तीसरी बार शपथ लेने की खुशी में कुंवर महाराज सिंह ( एमएलसी ) के आवास पर कार्यकर्ताओं के साथ आतिशबाजी के साथ मिठाई बांटी गई। इस मौके पर कुंवर संजय सिंह, उदयवीर सिंह, अजीत सिंह, संजीव शर्मा, ओमवीर गुर्जर, पुष्पेंद्र यादव, आतिश अग्रवाल, डिंपल सिंह, सुशील सिंह अजय मौर्य, अमरपाल मौर्य राजेश गुप्ता, अशोक श्रीवास्तव के साथ अन्य मौजूद रहे।

### फतेहगंज पश्चिमी में आतिशबाजी कर मनाई खुशी



**फतेहगंज पश्चिमी, अमृत विचार :** तीसरी बार नरेंद्र मोदी के प्रधानमंत्री बनने पर फतेहगंज पश्चिमी में आतिशबाजी छोड़कर भाजपा कार्यकर्ताओं ने एक दूसरे को मिठाई खिलाकर खुशी मनाई। नगर के सींको वाली गली, सब्जी मंडी गेट, लोधी नगर चौराहे पर भाजपाईयों ने मिठाई बांटी और भव्य आतिशबाजी कर जश्न मनाया। इस मौके पर भाजपा के मंडल अध्यक्ष कुलबीर सिंह, अजय सक्सेना, आशीष अग्रवाल, महेंद्र शर्मा, अमोद सिंह, सुबोध पोरवाल, सुचित अग्रवाल, जतिन अग्रवाल, सौरभ पाठक समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

### मिठाई खिलाकर भाजपाइयों ने दी एक-दूसरे को बधाई

**भमोरा, अमृत विचार :** ब्लॉक आलमपुर जाफराबाद सभागार में कार्यकर्ताओं की बैठक हुई जिसमें तीसरी बार मोदी सरकार बनने पर खुशी जताई। कार्यकर्ताओं ने ब्लॉक प्रमुख का स्वागत किया, एक दूसरे को मिठाई खिलाकर बधाई दी। इस मौके पर ब्लॉक प्रमुख पति वेद प्रकाश यादव, मंडल अध्यक्ष रामेंद्र पाल सिंह, कैलाश दिवाकर, अरुण प्रजापति, गुड्डू पाठक, विशाल दीक्षित, प्रमोद उपाध्याय समेत अन्य रहे।

# मोदी के तीसरी बार शपथ लेने पर मनाया जश्न

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार:** नरेंद्र मोदी ने लगातार तीसरी बार प्रधानमंत्री पद की शपथ लेकर इतिहास रचा। इस मौके पर भाजपाइयों ने पटाखे छोड़कर मिठाई बांटकर जश्न मनाया।

**बिशारतगंज में मनाई खुशी:** बिशारतगंज में भाजपाइयों ने स्टेशन रोड पुलिया पर पूर्व सभासद रामरतन साहू, अखिल साहू, मोहन देवल, अमित साहू, सोनू यादव, नमित साहू, पुराना बाजार इलाके में पूर्व चेयरमैन सूरजपाल मौर्य ने आतिशबाजी कर मिठाई बाटी। पुराना बाजार में आकाश साहू, तरूण, वरूण, अभय, उदय, जतिन, विदित, नौतिक के अलावा पूर्व सभासद महेश साहू, आदि ने आतिशबाजी कर जश्न मनाया।



मीरगंज में झंडा यात्रा निकालकर जश्न मनाते भाजपा कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

### सेंथल में बांटी मिठाई

**सेंथल, अमृत विचार :** सेंथल में अल्पसंख्यक मोर्चा के पदाधिकारियों ने मुख्य चौराहे मिठाई बांटी। इस मौके पर अली शहीर जैदी मगन, आमिर जैदी, याकूब अली जैदी, हसन जहीर, सोमपाल, कुंवरसेन मौर्य, उजैर जैदी, छोटेलाल गुप्ता, अभिषेक देवल, अजादार अली, अशोक गौड़, अनुपम पंडित, टीकाराम, संतोष समेत अन्य रहे।

### निकाली झंडा यात्रा

**मीरगंज, अमृत विचार :** मीरगंज में कार्यकर्ताओं ने डीजे, बैंड-बाजे के साथ जुलूस निकाला। इस मौके पर ओमपाल गंगवार, अभिषेक, तेजपाल फौजी, ताहिर हुसैन, योगी गंगवार, रवि गंगवार, बाबू सिंह गंगवार, यशवंत चौधरी, रोली भदौरिया, सोमपाल शर्मा, सुधीर शर्मा, मुकेश कश्यप, गजेंद्र, गुड्डू वर्मा समेत अन्य रहे।

### जश्न में झूमे भाजपाई

**नवाबगंज, अमृत विचार :** पालिका अध्यक्ष पति नीरेन्द्र सिंह राठौर के नेतृत्व में भाजपाइयों ने जश्न मनाया। इस मौके पर केशव गुप्ता, रामप्रकाश गंगवार, वीरेन्द्र गुप्ता लल्लू, राजीव शुक्ला, अनिल चौधरी, गुड्डू बाल्मीक, उपदेश राठौर, संजीव राठौर, वरुण शर्मा, विकास गुप्ता, उमेश गुप्ता कान्ता, अंकुर राठोर, सूरज वर्मा वं सुरेन्द्र कुमार आदि ने जमकर आतिशबाजी व मिठाई बांट कर जश्न मनाया गया।

### बहेड़ी में सजीव प्रसारण देखा

**बहेड़ी, अमृत विचार :** बहेड़ी में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के शपथ ग्रहण समारोह का सजीव प्रसारण देखा गया। नैनीताल रोड पर एलईडी लगाई गई मिठाई वितरण के साथ ही आतिशबाजी किया गया। इस मौके पर आलोक गर्ग, अतुल गर्ग, राकेश मिश्रा, बिट्टू पिपलानी, सुनील रस्तोगी, सुनील गंगवार, राज कमल सिंह, महेश शर्मा, पुनीत अग्रवाल, दीपू रस्तोगी, दीपक गुप्ता, राहुल गुप्ता, प्रेम वीर सिंह, जयेंद्र गंगवार समेत सैकड़ों अन्य लोग शामिल रहे।

### आंवला में की आतिशबाजी

**आंवला, अमृत विचार :** कस्बे के त्रिपोलिया गंज, चाचा नेहरू चौराहा आदि स्थानों पर भाजपाई एकत्रित होकर समारोह का सीधा प्रसारण देखा। ढोल नगाड़ों बजाए और जमकर आतिशबाजी की। इस मौके पर संजीव सक्सेना, रोहित रघुवंशी, राजू गुप्ता, रोहिताश श्रीमाली, संजीव मोहन शर्मा, बीरसिंह पाल, गिरिराज, नंदन गुप्ता, मनोज मौर्य, आशु सिंह, शिवेक खंडेलवाल, रामनिवास मौर्या समेत अन्य मौजूद रहे।

## सार-संक्षेप

### तस्कर के चंगुल से भागकर पालक के घर पहुंची गाय

**नवाबगंज, अमृत विचार :** हाफिजगंज पुलिस एक ओर गौतस्करों की सूचना पर छापेमारी कर रही थी, वहीं दूसरी ओर हाफिजगंज से गुजर रहे बरेली पीलीभीत हाईवे पर एमजेपी रूहेलखंड यूनीवर्सिटी के सेवानिवृत कर्मचारी नवाब अली के घर के सामने बंधी गायों में से एक गाय को तस्कर शनिवार रात चोरी कर ले गए, उसका वध करने की कोशिश में लगे थे। इसी दौरान वहां से भागकर वापस नवाब अली के घर पर पहुंच गई, जिसे देखकर लोग हक्के बक्के रह गए। गाय के गले, पैर और पीठ पर छुरी से काटने का घाव था। घायल गाय को देखकर नवाबअली की पत्नी बेसुध हो गई तो नवाब अली ने इसकी सूचना पुलिस को दी। सूचना पर थाना पुलिस ने डॉक्टर को बुलाकर घायल गाय का इलाज कराया।

### बिना लाइसेंस नहीं चलेंगी मांस की दुकानें

**नवाबगंज, अमृत विचार :** नवाबगंज पुलिस ने रविवार को थाना परिसर में मीट विक्रेताओं के साथ ही कबाड़ियों के साथ बैठक की। इस दौरान एसएचओ राजीव कुमार शर्मा ने नवाबगंज ने मीट विक्रेताओं को चेताते हुए कहा कि बिना लाइसेंस के कोई भी दुकान न खोले। जो दुकानें बिना लाइसेंस चल रही हैं वह हर कीमत पर सोमवार से बंद हो जानी चाहिए। इसके साथ ही दुकानों पर सीसीटीवी कैमरे लगवाने होंगे। दुकान के सामने गंदगी नहीं होनी चाहिए। गोवंशीय पशुओं को न खरीदे और न ही उनका वध करें। इसके साथ ही कबड़ियों को भी चोरी का सामान न खरीदने की नसीहत देते हुए सीसीटीवी कैमरे लगाने को कहा। इसके साथ ही ईद के पर्व को लेकर भी बैठक की गई। बैठक के दौरान खुले में कुर्बानी न करने, खून सड़कों पर न बहाने के साथ ही आपसी भाईचारे के साथ पर्व मनाने की अपील की।

### आनंद विवेक ने जेई एडवांस में पाई सफलता



**रिठौरा, अमृत विचार :** दरबारी लाल शर्मा इंटर कॉलेज के छात्र आनन्द विवेक ने बारहवीं की परीक्षा 95 प्रतिशत अंक लाकर जिले में छठा स्थान प्राप्त किया था। जेईई एडवांस की परीक्षा में 1223 वीं रैंक प्राप्त की है। इसके साथ ही विवेक आनंद का एनडीए में भी चयन हुआ है। विवेक ने बताया कि आठ से दस घंटे तक घर पर ही पढ़ाई की है। छात्र ने बताया कालेज प्रबंधन ने समय -समय पर उसे कापी -किताबों तथा फीस में भी मदद की है। जिसका मैं सदैव ऋणी रहूंगा। अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता एवं शिक्षकों को दिया है। प्रबन्धक सुबोध कुमार, प्रधानाचार्य आशीष कुमार सिंह ने खुशी जताई है।

### अवैध खनन रोकने की मांग लेकर थाने पहुंचे बाबा

**बिशारतगंज, अमृत विचार :** कस्बे सहित ग्रामीण क्षेत्र में हो रहे अवैध खनन को लेकर बेहटा बुजुर्ग गांव के शिव मंदिर के महंत हठयोगी विजय देवनाथ रविवार को थाना परिसर में अर्धनग्न होकर अवैध खनन बंद कराने की मांग करने लगे। बाबा ने बताया कि उन्होंने दो दिन पहले पुलिस को शिकायती पत्र देकर अवगत कराया था कि गांव में अवैध खनन हो रहा है, जिस पर कार्रवाई की जाए। शनिवार तक जब पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की तो वह रविवार शाम 4 :00 बजे कंडे लेकर बिशारतगंज थाने पहुंचे और अर्धनग्न होकर विरोध करने लगे। पुलिस ने उन्हें तुरंत खनन रोकने की बात कहकर मना लिया। हठयोगी ने बताया कि उन्होंने इस मामले की शिकायत एसडीएम आंवला नहनेराम से भी की है। वहीं एसडीएम ने बताया कि अवैध खनन की शिकायत मिली है जानकारी कराई जा रही है।

### पुलिस ने पैदल मार्च कर हटवाया अस्थाई अतिक्रमण



**नवाबगंज, अमृत विचार :** नवाबगंज के मार्गों पर बढ़ते अतिक्रमण को लेकर पुलिस ने सख्त रवैया अपनाते हुए रविवार को सभी मुख्य मार्गों पर घूमकर अस्थाई अतिक्रमण हटवाया। कोतवाल राजीव शर्मा और कस्बा इंचार्ज विदेश शर्मा के नेतृत्व में निकले टीम ने बाजार मार्ग, बाईपास, मुख्य मार्ग व स्टेशन रोड से दुकानों के आगे फैले पड़े सामान के साथ ही जहां तहां बेतरतीब खड़े ठेले व वाहनों को हटवाने के साथ सख्त चेतावनी भी दी है।

### श्मशान भूमि में भंडार गृह और विश्रामालय बनेगा

**नवाबगंज, अमृत विचार :** कस्बे के श्मशान भूमि परिसर में समिति विकास कार्य करा रही है। समिति की पहल पर स्वर्णकार संघ के डॉ. संजय रस्तोगी, शिवशंकर रस्तोगी राजू, सुशील वर्मा, अमन वर्मा, सचिन रस्तोगी, रोहित रस्तोगी व नितिन वर्मा आदि ने श्मशान भूमि परिसर में तीन लाख की लागत से भंडार गृह और विश्रामालय बनवाने का निर्णय लिया है। संघ के संरक्षक जगदीश वर्मा व नत्थू लाल वर्मा के नेतृत्व में हुई बैठक में ये निर्णय लिया गया है। इससे पूर्व वयोवृद्ध समाजसेवी श्याम लाल गुप्त श्याम की ओर से वैदिक शवदाह बनवाए जाने के लिए एक लाख की राशि समिति को दान की है।

### धूमधाम से मनाई गई महाराणा प्रताप की जयंती



**आंवला, अमृत विचार :** अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा की ओर से राष्ट्रनायक महाराणा प्रताप की जयंती मनाई गई। क्षत्रियों ने नगर के पुरैना स्थित महाराणा प्रताप चौक पर महाराणा प्रताप की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। क्षत्रियों ने महाराणा प्रताप के जीवन पर विस्तार से जानकारी दी। इस दौरान जय गोविंद सिंह, जुगेंद्र पाल सिंह, गोपाल सिंह उर्फ गुड्डू फौजी, प्रवीण सिंह, बिल्लू, नवीन सिंह, प्रेमपाल सिंह सोलंकी, कमल सोलंकी, मोहन सिंह, डॉ.गौरव सिंह, विनीत राठौर, विकास राठौर, बच्चन सिंह, धनवीर सिंह आदि मौजूदा रहे।

### आंवला प्रीमियर लीग में पहले दिन हुए दो मैच

**गुलड़िया, अमृत विचार :** आंवला प्रीमियर लीग का रविवार सुबह ब्लॉक प्रमुख यशवंत सिंह ने फीता काटकर खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर शुरू कराया। उन्होंने कहा कि प्रतिभाओं को आगे ले जाने के लिए पांचवीं बार आंवला प्रीमियर लीग शुरू हुआ हैं। सुबह की पाली में राजपुर कलां और कुंवरगांव की टीम में मुकाबला हुआ, जिसमें कुंवरगांव की टीम ने टॉस जीतकर पहले फील्डिंग करने का निर्णय लिया राजपुर की टीम 89 रन का लक्ष्य दिया, जिसे कुंवरगांव की टीम ने 14 ओवर में ही 3 विकेट से मैच जीत लिया। कुंवरगांव टीम के सुंदरम सिंह मैन ऑफ द मैच रहे जिन्होंने 4 विकेट लेकर 3 रन बनाए। दूसरी पाली में चांदपुर और बाराथानपुर के बीच मैच हुआ, जिसमें बाराथानपुर की टीम ने 68 रन का लक्ष्य दिया, जिसे चांदपुर ने 14 ओवर में ही पा लिया। चांदपुर के कप्तान अजय ने नाबाद रहते हुए 44 रन बनाए और उन्हें मैन ऑफ द मैच घोषित किया गया।

### दहेज लोभियों ने महिला को प्रताड़ित कर घर से निकाला

**शीशगढ़, अमृत विचार :** दहेज लोभी ससुरालियों ने दहेज के लिए महिला को प्रताड़ित कर घर से निकाल दिया। पीड़िता ने एसएसपी से शिकायत की, जिसके बाद शीशगढ़ पुलिस ने पांच लोगों पर रिपोर्ट दर्ज कर ली। पीड़िता ने प्रीति ने बताया कि उसका विवाह 12 साल पहले चंद्रपाल निवासी ग्राम बंजरिया से हुआ था। शादी के बाद उसका पति रुद्रपुर के एक फैक्ट्री में काम करने चला गया, इसके बाद ससुराल वाले दहेज की मांग कर उसे प्रताड़ित करने लगे। महिला का आरोप है, 26 मई को ससुराल वाले दहेज लाने की मांग करने लगे, मैंने मना किया तो परिवार को लोगों ने मिलकर उसके साथ मारपीट की और घर से निकाल दिया। पुलिस ने पति चंद्रपाल, ननद राजकुमारी, रामा देवी, पूरन सिंह, नथो देवी, पर रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### नाबालिग से दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार, भेजा जेल

**मीरगंज, अमृत विचार :** नाबालिग लड़की से दुष्कर्म के आरोपी को मीरगंज पुलिस ने गिरफ्तार करके कोर्ट में पेश किया जहां से उसे जेल भेज दिया गया। मीरगंज पुलिस ने रविवार दोपहर पॉक्सो एक्ट के आरोपी सूरज निवासी ग्राम गुलड़िया को सिंधौली चौराहे से गिरफ्तार कर लिया। जिसके बाद उसे न्यायालय के समक्ष पेश करते हुए जेल भेज दिया। आरोपी थाना क्षेत्र के एक गांव की 16 वर्षीय किशोरी को स्कूल जाते समय एक साल पहले परेशान करता था। जिसकी शिकायत उसके माता पिता से की। इसके बाद भी आरोपी ने कॉलेज जाते समय अपने माता पिता और बुआ फूफा के साथ उसकी बेटी को धमकाकर शादी के लिए जबरदस्ती अपने साथ ले गया था। पुलिस ने धारा 363 में रिपोर्ट दर्ज की थी, जिसे रविवार को गिरफ्तार कर लिया।

### महिला ने घर से चुराया मोबाइल, सीसीटीवी में कैद

**कैंट, अमृत विचार :** कैंट थाना क्षेत्र के 459 सदर बाजार निवासी पीयूष कन्नौजिया ने बताया कि शनिवार सुबह करीब 10 बजे थाना कैंट के 440 सदर बाजार धोबी मोहल्ला निवासी शमां उसकी गैर मौजूदगी में घर में घुस आई। मोबाइल के साथ स्कूटी चुरा कर ले गई। चोरी की घटना सीसीटीवी कमरे में कैद हो गई। जिसमें महिला चोरी करते हुए दिखाई दे रही है।

